(हिन्दी दैनिक)

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...



वर्ष : 14, अंक : 88 पृष्ठ : 8 | www.newsguide.in | Email: newsguidelko@gmail.com | लखनऊ, सोमवार, 16 जनवरी 2023 | मूल्य : 1.50

खिचड़ी भोज में केन्द्र और राज्य कार्मिको का सांझा आन्दोलन कार्यक्रम घोषित .... 3
चंडीगढ़ की विरासत ....4
ग्राहम रीड ने कहा कि इंग्लैंड स्पेन से अधिक कठिन होगा ...7

## गोरक्षपीठ में योगी आदित्यनाथ ने चढ़ाई आस्था की पहली खिचड़ी और लोकमंगल की कामना की

संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रविवार सुबह चार बजे गुरु गोरखनाथ को नाथ पंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार पुण्य काल में आस्था की पहली खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। उसके बाद नेपाल राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाई गई। यह जानकारी रविवार को यहां लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान में दी गयी। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ के महंत हैं और मकर संक्रांति के पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में विख्यात खिचड़ी मेले का आयोजन होता है जो एक माह तक चलता है। इस आस्था के पर्व पर पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल के श्रद्धालु मंदिर में आते हैं। बयान के अनुसार योगी और नेपाल के राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाने के बाद फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के पट को आमजन के लिए खोल दिया गया और लोक आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने की शुरुआत हो गई। लाखों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी चढ़ाने और मंगल कामना का सिलसिला शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार जमीन पर बैठकर गुरु गोरखनाथ को प्रणाम किया और फिर विधिवत पूजन करके गोरक्षपीठ की ओर से खिचड़ी चढ़ाई। उसके बाद त्रेतायुग से प्रज्ज्वलित अखण्ड ज्योति का पूजन करके आशीर्वाद लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाने लाखों श्रद्धालु कड़ाके की ठंड के बीच गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। सुख समृद्धि एवं आरोग्य की मंगल कामना को लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने रविवार सुबह चार बजे के बाद कतारबद्ध होकर गुरु गोरखनाथ को श्रद्धा की खिचड़ी चढ़ाई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर स्थित सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन करके ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक का आशीर्वाद लिया। इस दौरान गुरु गोरखनाथ की जय जयकार से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज उठा। रविवार को मंदिर परिसर में श्रद्धा के साथ सभी श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद सहभोज में वितरित किया गया। द्वारिका तिवारी लगभग चार दशकों से मंदिर से जुड़े हुए हैं और उनका कहना है कि मंदिर के भंडारे में प्रतिदिन लगभग 600 लोगों के लिए भोजन बनता है।

## पराक्रम, देशप्रेम और बलिदान से परिपूर्ण है हमारी सेना : राहुल गांधी

एजेंसी



नयी दिल्ली । भारतीय सेना आज अपना 75वां स्थापना दिवस मना रही है। देश में हर साल 15 जनवरी को भारतीय थल सेना दिवस मनाया जाता है। आजादी के बाद पहली बार भारतीय सेना दिवस बेंगलुरू में मनाया जा रहा है। इस मौके पर राहुल गांधी ने वीर जवानों को नमन किया। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि हमारी सेना का हर जवान पराक्रम, देशप्रेम और बलिदान इन सब से परिपूर्ण है। सभी जवानों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को उनके त्याग, तपस्या और समर्पण के लिए सेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आपको बता दें कि सेना दिवस भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को लेफ्टिनेंट जनरल केएम करिअप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष में मनाया जाता है। केएम करिअप्पा ने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल राय फ्रांसिस बूचर से यह पदभार ग्रहण किया था। यह दिन सैन्य परेडो, सैन्य प्रदर्शनी व अन्य अधिकारी कार्यक्रमों के साथ नयी दिल्ली व सभी सेना मुख्यालय में मनाया जाता है। और इस दिन उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी भी दी जाती है। जिन्होंने कभी ना कभी अपने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना सर्वोच्च निछावर कर दिया।

## जोशीमठ के बाद कर्णप्रयाग के मकानों में भी दरारें

एजेंसी, उत्तराखंड। कर्णप्रयाग उत्तराखंड में अलकनंदा व पिंडर नदी के संगम कर्णप्रयाग के बहुगुणा नगर में बीते एक साल से हो रहे भू धंसाव से करीब पचास भवनों पर दरारें आ गई है जिससे यहां के करीब 100 परिवार खतरे की जद में आ गए हैं। इसमें आठ मकान बेहद असुरक्षित हो गए हैं जो कभी भी जान माल के लिए खतरा बन सकते हैं। इसे देखते हुए कर्णप्रयाग तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम बदरीनाथ हाईवे के किनारे बसे बहुगुणा नगर व सब्जी मंडी के ऊपरी भाग आईटीआई क्षेत्र में हो रहे भू-धंसाव से क्षतिग्रस्त भवनों के निरीक्षण के साथ मूल्यांकन के लिए पहुची। प्रशासन की टीम ने मौके पर 25 मकानों में बड़ी दरारें पाई, जिसमें आठ मकान अधिक रूप से असुरक्षित पाए।

## कासगंज में ढही नई दीवार

### दबकर भाई और 2 बहनों की मौत, पिता की हालत गंभीर,लड़ रहे जिंदगी और मौत से जंग

संवाददाता





लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कासगंज में दर्दनाक हादसा हो गया है। नवनिर्मित दीवार अचानक से भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे में दबकर भाई और दो बहनों की मौत हो गई। पिता को भी गंभीर चोट आई हैं।

घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया। हादसा पटियाली थाना क्षेत्र के नीवलपुर गांव का है। नीवलपुर गांव निवासी जोगराज सिंह का घर बन रहा है। 04 दिन पहले नई दीवार बनाकर खड़ी की गई थी। उसके पड़ोस में रविवार को एक नई दीवार बनाने की नींव खोदी जा रही थी। रामलड़ैते , योगेंद्र यादव , संगीता उर्फस्नेहलता ,कपूरी नींव खोदने का काम कर रहे थे। दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। वहीं इस हादसे के दौरान नींव की खोदाई कर रहे चारों मलबे के नीचे दब गये। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में मलबा हटाकर उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को लेकर फौरन इलाज के लिए फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे में नाबालिग किशोरी संगीता उर्फस्नेहलता की मौके पर ही मौत हो गई थी। अस्पताल ले जाने के दौरान भाई योगेंद्र की भी मौत हो गई। दूसरी बहन कपूरी की भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। रामलड़ैते जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। सूचना मिलने पर प्रभारी तहसीलदार, पटियाली अरविंद गौतम मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली। पुलिस को बताया गया कि नींव की खुदाई करते समय हादसा हुआ है। परिवार के 3 सदस्यों की मौत के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं हादसे के बाद इलाके में किसी भी तरह की अशांति न फैले।

## सेना के जवानों ने शौर्य और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया, उन्हें मेरा सलाम : राष्ट्रपति मुर्मू



एजेंसी, नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को सेना दिवस पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि सैनिकों ने आपदाओं के समय रक्षक के रूप में काम करने के अलावा हमेशा शौर्य की सीमाओं को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी बहादुर जवानों तथा उनके परिवारों को सलाम करती हूं। फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के 15 जनवरी, 1949 को अपने ब्रिटिश पूर्ववर्ती के स्थान पर भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभालने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है। मुर्मू ने ट्वीट किया, 'सेना दिवस पर, भारतीय सेना के जवानों के बलिदान की अनगिनत कहानियों को याद करते हैं। उन्होंने हमेशा शौर्य और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया है तथा आपदाओं के समय रक्षक के रूप में भी काम किया है। मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी बहादुर जवानों और उनके परिवारों को सलाम करती हूं।

## नेपाल विमान हादसे में यूपी के पांच लोगों की मौत

### अब तक 68 शव हुए बरामद

संवाददाता

लखनऊ। नेपाल यात्री विमान हादसे में उत्तर प्रदेश के पांच युवक की मौत हो गई है। बताया जहा है कि सभी युवक 13 जनवरी को नेपाल में घूमने के लिए गए थे। हादसे से पहले युवकों ने फेसबुक लाइव किया था। मृतकों की पहचान अनिल राजभर, विशाल शर्मा, अभिषेक कुशवाहा, सोनू जयसवाल और संजय जयसवाल के रुप में हुए है। पांचों युवक गाजीपुर के रहने वाले है। बता दें कि नेपाल के पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय रविवार को नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कम से कम 68 लोगों की मौत हो गई। एक बचाव अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमान में पांच भारतीय नागरिकों समेत 72 लोग सवार थे। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि यति एअरलाइन के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने पूर्वाह्न 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सीएएएन की समन्वय समिति, खोज एवं बचाव के एक अधिकारी ने फोन पर बताया, ''अभी तक दुर्घटनास्थल से 68 शव बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। साथ ही उन्होंने कहा कि चार और शव बरामद करने के प्रयास जारी हैं। विमान में पांच भारतीय, चार रूसी, दो कोरियाई के अलावा ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, अर्जेंटीना, इजराइल के एक-एक नागरिक सवार थे। विमान में सवार पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा, विशाल शर्मा, अनिल कुमार राजभर, सोनू जायसवाल और संजय जायसवाल के रूप में हुई है। यति एयरलाइन के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि अभी तक किसी के जीवित बचने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा, ''पोखरा में मौसम बिल्कुल ठीक था और विमान का इंजन भी अच्छी स्थिति में था। उन्होंने कहा, ''हम नहीं जानते कि हवाई जहाज को क्या हुआ। अधिकारियों ने कहा कि चार और शव बरामद करने के प्रयास जारी हैं। हालांकि, कुछ स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया कि विमान उतरते समय ज्यादा मुड़ गया था, जो दुर्घटना का कारण हो सकता है। यह चीनी कर्ज के तहत बनाया गया एक नया हवाई अड्डा है और अभी दो हफ्ते पहले इसका उद्घाटन किया गया था। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, ''काठमांडू से उड़ान भरने के बाद यति एअरलाइन का एक एटीआर-72 विमान पोखरा हवाई अड्डे के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार इस विमान में पांच भारतीय नागरिक भी सवार थे। बचाव अभियान जारी है। ट्वीट में कहा गया कि दूतावास स्थानीय प्राधिकारों के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रख रहा है।




## रोहतक में राजस्थान जा रही मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतरे

एजेंसी



नयी दिल्ली । हरियाणा में रोहतक में मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके चलते दिल्ली की ओर आने-जाने वाला रोहतक-जींद रूट प्रभावित है। इसके चलते 4 ट्रेनें लेट हो गई और 2 को रद्द कर दिया गया। ये मालगाड़ी हरियाणा के रोहतक के गांव समर गोपालपुर के पास सुबह करीब 6रू45 बजे पटरी से उतर गई। जिसके कारण रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। इसके चलते रोहतक-जींद रूट पर चलने वाली 6 ट्रेनें प्रभावित हुई है। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। रेलवे कर्मचारी ट्रैक को ठीक करने का काम कर रहे हैं। साथ ही पटरी से उतरे डिब्बों को हटाकर साइड किया जा रहा है ताकि अन्य ट्रेनों के लिए रास्ता बनाया जा सके। उत्तर रेलवे, डीआरएम, डी गर्ग ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा, रोहतक जिले में सुबह करीब 6रू45 बजे एक मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। हम यह जानने के लिए आकलन कर रहे हैं कि वास्तव में क्या हुआ। ट्रेन दिल्ली से राजस्थान के सूरतगढ़ जा रही थी। हमने वैगनों को हटाने का काम शुरू कर दिया है। जिस ट्रैक पर मालगाड़ी पलटी है, वह दिल्ली से बहादुरगढ़ व रोहतक होते हुए जाता है। वहां पर डबल ट्रैक बनाया हुआ है। मालगाड़ी के डिब्बे उतरने के कारण एक ट्रैक क्षतिग्रस्त हुआ है। जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई है।

## आप का बीजेपी पर आरोप

### सिसोदिया के खिलाफ सरकारी तंत्र का हो रहा गलत इस्तेमाल

एजेंसी

नयी दिल्ली । आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केंद्रीय एजेंसी को पिछली छापेमारी के दौरान सिसोदिया के खिलाफकुछ भी नहीं मिला था और इस बार भी परिणाम वही होगा। उधर बीजेपी का कहना है सीबीआई जांच कर रही है। मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीरियस चार्जेस और एविडेंस हैं। सीबीआई मनीष सिसोदिया के कार्यालय पर सिर्फएविडेंस कलेक्ट करने गई थी। और आप ने शोर मचा दिया कि रेड पड़ गई। भाजपा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पाप का घड़ा भर चुका है। इसलिए थोड़ी सी भी इन्वेस्टिगेशन पर यह लोग शोर मचाने लगते हैं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के लाखों बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने की सजा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को देने के लिए सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर रही है। आम आदमी पार्टी की ओर से यह टिप्पणी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की एक टीम के सिसोदिया के दफ्तर जाने के बाद आई। वहीं दूसरी ओर बीजेपी प्रवक्ता खेमचंद शर्मा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया की नई आबकारी नीति में दलाली और कमीशन खोरी जगजाहिर है। बहुत सारे लोगों ने टीवी पर और कैमरा के सामने बोला है कि हमें 12 परसेंट कमीशन मिलता था और 6 परसेंट कमीशन हम मनीष सिसोदिया को देते थे। और यह बात जनता ने भी भली-भांति समझी है। और इसी कारण पिछले दिनों जो एमसीडी चुनाव हुए उन एमसीडी चुनाव में जनता ने मनीष सिसोदिया को उन्हीं के अपने क्षेत्र में रिजेक्ट कर दिया। आगे खेमचद शर्मा ने कहा कि मनीष सिसोदिया पर केजरीवाल अभी तक कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। क्योंकि मनीष सिसोदिया केजरीवाल के राजदार हैं। वह कमीशन और जो पैसा आया है वह अरविंद केजरीवाल तक भी गया है। अगर केजरीवाल मनीष सिसोदिया पर एक्शन लेते हैं तो कहीं ना कहीं केजरीवाल खुद भी फंस जाएंगे। रही बात सीबीआई की तो सीबीआई अपनी जांच कर रही है। और सीबीआई ने बहुत सारे लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेना ने जम्मू-कश्मीर में जोजिला सुरंग स्थल पर फंसे 172 श्रमिकों को निकाला

एजेंसी, श्रीनगर। भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में जोजिला सुरंग निर्माण स्थल पर फंसे 172 श्रमिकों को कड़ी मशक्कत के बाद निकालने में सफलता हासिल की। रविवार को सेना के एक बयान में कहा गया, कल एक बड़े हिमस्खलन की घटना में सरबल नीलागर के पास निर्माण कंपनी के श्रमिक फंस गए थे। सेना और गांदरबल पुलिस के हिमस्खलन बचाव दल हरकत में आ गए और घंटों के भीषण प्रयास के बाद आखिरकार सभी 172 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### गडकरी को धमकी देने वाले शख्स की हुई पहचान

एजेंसी, नागपुर। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार नागपुर पुलिस ने शनिवार को फोन करने वाले व्यक्ति का पता लगा लिया। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के बेलगावी में जेल बंद एक कैदी ने श्री गडकरी को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि फोन करने वाले की पहचान कुख्यात गैंगस्टर और हत्या के आरोपी जयेश कांता के रूप में हुई है, जो बेलगावी जेल बंद है। नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि जयेश कांता ने जेल से अवैध रूप से तीन बार फोन कर खामला, नागपुर में श्री गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय को धमकी दी।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एमडीए ही जीतेगा 2024 का लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी, नयी दिल्ली । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा और फिलहाल देश में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के ममता बनर्जी को लेकर दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भरोसा है कि लोग उनके साथ खड़े रहेंगे और चुनाव में उनका समर्थन करेंगे। दरअसल, अमर्त्य सेन ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी में प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है।

### देश हमेशा अपने सैनिकों का अभारी रहेगा, पीएम मोदी का भारतीय सेना दिवस पर जवानों को नमन

एजेंसी, नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेना दिवस के मौके पर भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि सैनिकों ने हमेशा देश को सुरक्षित रखा है और संकट के समय सेवा के लिए व्यापक रूप से उनकी प्रशंसा की जाती है। फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के 15 जनवरी 1949 को अपने ब्रिटिश पूर्ववर्ती के स्थान पर भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभालने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, ''सेना दिवस पर, मैं सभी सैन्यकर्मियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। प्रत्येक भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है और हम अपने सैनिकों के हमेशा आभारी रहेंगे।

# सुश्रुत ईएनटी मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का भव्य शुभारंभ

संवाददाता, कानपुर। इंदिरा नगर स्थित निकट सीएनजी पेट्रोल पंप के पास सुश्रुत ईएनटी मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का भव्य शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का डॉ मधुकर वशिष्ट ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया आए हुए सभी गणमान्य लोगों ने विशिष्ट परिवार को शुभकामनाएं दी इस दौरान डॉ मधुकर ने पत्रकारों को बताया कि हमारे साल में सभी प्रकार के जटिल ऑपरेशन रोगों का इलाज किया जाता है जिसमें जांच मेडिकल दवाई 24 घंटे उपलब्ध है सभी इमरजेंसी केस का इलाज किया जाता है आयुष्मान कार्ड धारक का इलाज हमारे यहां क्या जाता है और शहर अन्य क्षेत्र से आए हुए मरीजों




के लिए हमारे यहां उचित दर पर इलाज की व्यवस्था की जाती है किसी कारण लोग अपना इलाज नहीं करा पाते हैं क्योंकि ज्यादातर पैसों की समस्या को देखते हुए इलाज को सही समय पर समाधान नहीं करा पाते हैं ऐसी कई समस्याएं लोगों के पास है जो इलाज कराने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है ऐसे ही समस्याओं का समाधान हमारे पास है किसी भी प्रकार के रोग का सफल इलाज हमारे यहां होता है और गरीब असहाय लोगों के लिए विशेष सुविधा प्रदान है इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलिमा कटियार विधायक अभिजीत सिंह सांगा अवध बिहारी मिश्रा दिनेश अवस्थी डॉ 0आर के वशिष्ट डॉ नर्मता वशिष्ठ आदि शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचा दो कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता

शुक्लागंज, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी पर्यवेक्षण मे अपराध व अपराधीयो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने अवैध तमंचा व 2 कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार को उप निरीक्षक राजीव कुमार मय हमराह हे.का. इन्द्रेश कुमार वर्मा , का. सचिन शर्मा ,का. आदित्य कुमार ,का. प्रिन्श शर्मा ने अभियुक्त सुनील पुत्र पुत्तीलाल लोध निवासी भटपुरवा को गिरफ्तार किया।




गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये । गिरफ्तार व बरामदगी के आधार पर थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0 024/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. राजीव कुमार,हे.का. इन्द्रेश कुमार वर्मा, का, सचिन शर्मा, का. आदित्य कुमार, का. प्रिन्श शर्मा रहे।

# मकरसंक्रांति पर्व पर जुटी स्नानर्थियों की भीड़

## मेला सकुशल सम्पन्न हो, देर रात से ही डटे रहे उच्च अधिकारी

संवाददाता

प्रयागराज। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लाखो लोगों ने मेला क्षेत्र में बनाए गए 15 घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात से ही मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं विवेक चतुर्वेदी ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सभी सेक्टरों एवं घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी तरह की कोताही न हो यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों



ने भी रात से ही भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में तैनात अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया। भ्रमणशील अफसरों में पुलिस अपर महानिदेशक भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश, पुलिस अपर आयुक्त आकाश कुलहरी,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला, राजीव नारायण मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक मेला आदित्य शुक्ला शामिल रहे।श्रद्धालुओं को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु पूरे मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में अलाव की भी व्यवस्था कराई गई थी तथा पूरे स्नान की अवधि में किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई।

# वाहन चलाते समय नियमों का पालन जरूरी

संवाददाता

प्रयागराज। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन प्रयागराज में किया जा रहा है । सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत आज रामबाग स्टैंड पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



उक्त कार्यक्रम बस यूनियन एवं टेंपो टैक्सी एसोसिएशन के सहयोग से बस, टेंपो टैक्सी ऑटो के चालको एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला के दौरान बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें,तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाएं,लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाएं,वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएं आदि स्लोगन के साथ प्रशिक्षित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सुश्री अलका शुक्ला सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन प्रथम, सुरेश कुमार मौर्य सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन तृतीय, सुरेंद्र सिंह यात्रीकर अधिकारी,विक्रांत सिंह यात्रीकर अधिकारी, राम सागर यात्रीकर अधिकारी के साथ-साथ रघुनाथ दिवेदी बस टेंपो टैक्सी के अध्यक्ष,बस यूनियन के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला,परदेसी,यशपाल सिंह एवं अन्य पदाधिकारी प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर जगह-जगह हुआ खिचड़ी वितरण व भोज



संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह खिचड़ी का वितरण और खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। स्नान और दान के इस पुनीत पर्व पर लोगों ने खिचड़ी का दान व लोगों को खिचड़ी खिलाकर कर पुण्य कमाया। नगर में तमाम स्थानों पर लोगों ने खिचड़ी बनवाकर उसका वितरण किया। सारा दिन लोगों ने गरमा गरम खिचड़ी खाकर उसका आनंद लिया। इसी क्रम में राजधानी मार्ग स्थित सहजनी पर दीप इंपीरियल एंड श्री साँवारे लॉन में पूर्व नगर पालिका गंगाघाट अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जहां पर सैकड़ों लोगों ने गर्मा-गर्म खिचड़ी, रायता, और जलेबी भी आनंद लिया। इस दौरान पूर्व सभासद राकेश रावत, अनिकेत शुक्ला, बाबा राम शंकर द्ववेदी, संतोष शुक्ला, आदि लोग रहे। इसी कड़ी में राजधानी मार्ग मरहला चौराहे के निकट आर्य नगर में रोटी बैंक के नेतृत्व में कपड़ा और तहरी का वितरण किया गया।

# बच्चों में मानसिक, शारीरिक विकास के लिए प्रतिस्पर्धा जरूरी : संजय वैश्य

## पतंग प्रतियोगिता में आर्यन प्रथम,जैनेन्द्र द्वितीय रहें

संवाददाता

प्रयागराज। मकर संक्रांति पर्व पर रिक्रीऐशन क्लब घियानगर के द्वारा पतंग प्रतियोगिता घियानगर में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय वैश्य एवं अधिकारी संघ के महामंत्री स्वयंम प्रकाश,इफ्को के नये जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी,इम्पलाइज के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विनय कुमार यादव,सी.बी.सिंह अन्य पदाधिकारी क्लब उपाध्यक्ष कपिलदेव सचिव डी.के.शुक्ल सदस्य मानिक चंद घियानगर के महिलाएं,बच्चे एवं कर्मचारियों ने बढ़



चढ़ के हिस्सा लिया।संजय वैश्य ने घियानगर नगर वासियों को बधाई दी और कहा कि प्रतिस्पर्धा से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है।कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव डी.के. शुक्ल ने किया।पतंग प्रतियोगिता में 14वर्ष से कम उम्र के बालकों में आर्यन माथुर प्रथम,जैनेन्द्र कुमार द्वितीय,श्रेयश कुमार तृतीय,14वर्ष के ऊपर के बालकों में शिवम सिंह प्रथम,शिवाशू गौतम द्वितीय,शादाब अहमद तृतीय।बालिका वर्ग में वंशिका शुक्ला प्रथम,अनुश्री यादव द्वितीय,यशिता शर्मा तृतीय।महिला वर्ग में मीना मौर्या प्रथम,राजकुमारी द्वितीय,आभा दूबे तृतीय तथा कर्मचारी वर्ग में योगेश पाठक प्रथम,अरविंद कुमार द्वितीय,उज्जवल खरे तृतीय रहे।सांत्वना पुरस्कार में अन्वी सिंह,संगीता सिंह,पियूष मेहता,आदित्य राय,परनीश राय, निकिता सिंह आदि को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# ठंड पर आस्था भारी, श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी, हुआ दान-पुण्य

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव। मकर संक्रांति का पर्व पूरे आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कड़ाके की ठंड में भी स्नान करने के लिए गंगा नदी के घाटों पर रविवार भोर पहर से ही भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने पाप नाशनी गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया। सूर्य के दक्षिणायण से उत्तरायण होने पर रविवार को नदी के घाट पर हर-हर महादेव, जय गंगा मईया के जयघोष से गूंज उठा। नगर के आनंद घाट, विष्णु घाट, पक्का घाट, शिव पंडा घाट पर स्नान करने के लिए महिला-पुरूषों की भीड़ उमड़ी। मकर संक्रांति पर्व पर गंगा स्नान को लेकर नपा ने तैयारियां



विगत दो दिन पूर्व ही करली थी। मकर संक्रांति पर्व को लेकर गंगा के घाटों पर भोर पहर से ही नगर पालिका परिषद गंगाघाट अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा और लेखपाल मनोज यादव सक्रिय दिखे इस दौरान अपराह्न लगभग 12 बजे एडीएम नरेन्द्र सिंह ने शिव पंडा घाट पर पहुंच कर जायजा लिया लगभग 15 मिनट रुकने के बाद वह अपने गंतव्य को रवाना हुए।

# बसपा सुप्रीमो बहन कु0 मायावती का 67वा जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रुप में मनाया

संवाददाता

हापुड़। हापुड़ के बुलंदशहर रोड पर स्थित उर्मिला सैलिब्रेशन हाल में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार जाटव उपस्थित रहे। आपको बता दें रविवार को बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र भारती के नेतृत्व में बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती का 67 वा जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व काशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और बसपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र भारती बसपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां हजारों की संख्या में बच्चे,महिलाएं बुजुर्ग लोगों के साथ-साथ नौजवान लोग उपस्थित हुए। बसपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र भारती ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जब-जब बहन कुमारी मायावती की उत्तर प्रदेश में सरकार आई है तब तब दलित शोषित वंचित व पिछड़े व अल्पसंख्यक लोगों सर्व समाज के लोगों को कार्य हुए हैं आईपीएस पीसीएस कॉलेज बनाए गए बहन जी की सरकार जिन लोगों के पास छत नहीं थी उन गरीब लोगों के लिए आवास दिलाने का कार्य किया व गुंडाराज को खत्म करने का काम किया गया इतिहास





गवाह है। जन्मदिन के मौके पर कादिर चौधरी व योगेंद्र गौतम ने बसपा ज्वाइन की। इस मौके पर तिलक चौधरी, समाजसेवी विनोद सागर, सुनील कुमार मंत्री मंडल कोऑर्डिनेटर,नगर पालिका प्रत्याशी चेयरमैन पुष्पा देवी के पति श्रीपाल,महेश टायर वाले,आदेश गुड्डू, जयकरण जाटव, दिनेश कुमार एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष ऐ.के कर्दम,योगेंद्र धनोरा वाले, नितिन कुमार, राजपाल जाटव, बबलू त्यागी,किरन पाल जाटव, सतीश कश्यप, सतीश प्रधान,राकेश कुमार,अशोक मुर्गे वाले, दीपक बौद्ध, सुनील सरकार,लोकेश अकेला, वार्ड नंबर 11 से सभासद प्रत्याशी अजीत सिंह,कैलाश हल्द्वानी,बाबूदिन सभासद प्रत्याशी, भीमसेन, अंकित, गौरव प्रजापति, सुनीता देवी बबीता देवी राज कुमार गौतम कश्मीरी देवी व बसपा कार्यकर्ता व पद अधिकारी मौजूद रहे।

# बॉडी बिल्डर्स को मिलेगा फिल्मों में काम करने का मौका

## बॉडी बिल्डिंग को लेकर युवाओं में बढ़ा क्रेज, सरकार दे इस स्पोर्ट पर ध्यान: डॉ नवीन भटनागर, रिटा. डीआईजी

संवाददाता

हापुड़। हापुड़ में स्वर्ग आश्रम रोड स्थित आरजी सुमंगलम फार्म हाउस में फिल्म और इवेंट कंपनी फैशन गुरु ने एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। इसमें फैशन गुरु के पदाधिकारी मीडिया से रूबरू हुए और नए साल में आयोजित होने वाले अपने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। नेशनल बॉडी बिल्डर और फैशन गुरु के फाउंडर चेयरमैन योगी आर्यन ने बताया कि मार्च में हापुड़ में स्टेट लेवल की बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप होगी, इसके विजेताओं जहां इनाम में अच्छी राशि मिलेगी वहीं फिल्मों में काम करने का मौका भी मिलेगा। इसके बाद नेशनल लेवल पर भी इसी तरह की चौंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। रिटायर्ड डीआईजी एनडीआरएफ व फैशन गुरु के डायरेक्टर डॉ नवीन भटनागर ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग को लेकर युवाओं में क्रेज बढ़ रहा है और इस स्पोर्ट को अगर सरकार की ओर से भी प्रोत्साहन मिलेगा तो युवा इस ओर और भी ज्यादा आकर्षित होंगे। सीआईएसएफ के एक्स असिस्टेंट कमांडेंट व फैशन गुरु में डायरेक्टर ऑपरेशन जितेंदर सिंह ने कहा कि भारत के युवाओं में टैलेंट कूट कूट कर भरा है और अगर उन्हें सही मौका और गाइडेंस दिया जाए तो वे दुनियाभर में देश का नाम रोशन कर सकते हैं। फैशन गुरु के यूपी एसोसिएट धर्मेंद्र रामू ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर घरों के युवा भी बॉडी बिल्डिंग में हाथ आजमा रहे हैं, जिम में कड़ी मेहनत और पसीना बहा रहे हैं, ऐसे युवाओं की फैशन गुरु कंपनी हर मुमकिन मदद करेगी और उनके लिए रोजगार के नए रास्ते खोलने की कोशिश करेगी। मॉडल शेखर कपूर ने कहा कि



फैशन गुरु युवाओं के लिए फिल्म इंडस्ट्री के दरवाजे खोलेगी। काजल ने बताया कि फैशन गुरु डांसिंग कॉम्पिटिशन का भी आयोजन कर रही है जिसके लिए ऑडिशन शुरू हो चुके हैं। दिनेश शर्मा जी ने कहा कि ये हापुड़ के लिए गर्व की बात है कि शहर के अंदर इतना बड़ा प्लेटफार्म युवाओं को मिलेगा। इस मौके पर गोपाल कृष्ण, दिव्यांश, अमित सैनी, राहुल शर्मा, आशुतोष शर्मा, जोगिंदर, महेश सैनी, प्रिंस आदि लोग मौजूद रहे।

# एक दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारम्भ

- ❑ उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश
- ❑ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने वाले 16 निवेशकों को किया गया

संवाददाता

प्रयागराज। मंत्री औद्योगिक विकास,निर्यात प्रोत्साहन एन.आर.आई.एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग नन्द गोपाल गुप्ता नंदी के द्वारा एम.एम.ए. सभागार में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उद्यमियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। आयोजित इंवेस्टर्स समिट में बताया गया कि जनपद प्रयागराज में विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों के द्वारा 33554.10 करोड़ रू.के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।इन्वेस्टर समिट में लगभग 800 आमंत्रित निवेशक का पंजीकरण किया गया। उद्घाटन समारोह के उपरान्त सिद्धार्थ सिंह,सहायक आयुक्त हथकरघा द्वारा एवं टेक्सटाइल्स पालिसी 2022 के प्रमुख बिन्दुओं का प्रस्तुतीकरण निवेशकों,उद्यमियों के मध्य किया गया। एफपी.ओ.,प्रगातिशील कृषकों एंव कृषि आधारित औद्योगिक इकाईयों के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु उप निदेशक कृषि द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। अग्रणी बैक प्रबन्धक, बैक आफ बडौदा द्वारा निवेशक, उद्यमियों को बैंको द्वारा प्रदान की जा रही वित्तीय प्रोत्साहन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा खाद्य प्रसंस्करण,धान आपूर्ति तथा निर्यात के अवसर पर विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। इन्वेस्टरों को इन्वेस्टर हेतु आकर्षित करने के लिए एम.एस.एम.ई. पालिसी 22022 द्वारा प्रदान किये जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहन के सम्बन्ध में जोनल समन्वयक ई.एण्ड वाई द्वारा एम.एस.एम.ई.पालिसी 2022 का प्रस्तुतीकरण किया गया। क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा प्रयागराज द्वारा सरस्वती हाई टेक सिटी की फिल्म के माध्यम से औद्योगिक आस्थान मे उपलब्ध भूखण्डों एंव अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी निवेशकों,उद्यमियों के मध्य किया गया। जनपद में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश बढाये जाने हेतु सिद्धार्थ, के.जी.एम.जी.द्वारा पर्यटन नीति 2023 का प्रस्तुतीकरण किया गया। जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक विकास मे उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने वाले निम्नांकित निवेशकों को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्हध्प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी सांसद, प्रवीण पटेल, गुरू प्रसाद मौर्या विधायक द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसर बढाये जाने विभिन्न नीतियों के माध्यम से प्रदान की जाने



वाली प्रोत्साहनों से निवेशकों को जनपद में निवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में जनपद में लगभग 3700 करोड के निवेश प्रस्ताव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निवेशको को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सभी सुविधाये सहजता से उपलब्ध कराये जाने का भरोसा दिलाते हुए प्रदेश के आर्थिक विकास हेतु निवेशकों,उद्यमियों से आगे आने का अहवान किया। शिपुगिरि मुख्य विकास अधिकारी ने निवेशको को भरोसा दिलाया गया कि निवेश हेतु निवेशको से प्राप्त सुझाव के अनुसार अच्छा वातावरण सृजित किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन लालजीत सिंह संयुक्त आयुक्त उद्योग एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# खिचड़ी भोज में केन्द्र और राज्य कार्मिको का सांझा आन्दोलन कार्यक्रम घोषित

## पुरानी पेंशन को चुनावी मुद्दा बनाएंगें केन्द्र और राज्य कार्मिक

संवाददाता

लखनऊ। पुरानी पेंशन के लिए लगातार लम्बे अरसे से संघर्ष कर रही राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आज डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज में केन्द्र एवं राज्य कार्मिकों के सांझा आन्दोलन की घोषणा कर दी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस गोलमेज, खिचड़ी भोज कार्यक्रम का संचालन परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि रेलवे के सर्वमान्य नेता कामरेड़ शिवगोपाल मिश्रा उपस्थिति रहे। बैठक में परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि परिषद पहले ही पुरानी पेंशन बहाली के लिए वर्ष 2023 को संघर्ष वर्ष घोषित कर चुका है। अब केन्द और राज्य सरकार के कार्मिकों ने मिलकर सांझा राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय आन्दोलन घोषित किया है। 21 जनवरी को केन्द्रीय स्तर पर दिल्ली में एक वृहद बैठक सम्पन्न होगी।

10 फरवरी से 20 फरवरी तक केन्द्रीय स्तर पर ऑन लाइन पिटीशन, हस्ताक्षर अभियान एवं प्रान्तीय स्तर पर प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाएगा। 21 मई को जिला स्तरीय मशाल जुलूस और 21 जून को राजधानी स्तर पर प्रान्तीय रैली का आयोजन किया जाएगा। जुलाई एवं अगस्त में मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में राष्ट्रीय रैली तथा 19 सितम्बर 2023 को भारत बंद का समर्थन किया जाएगा। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के प्रागण में आयोजित खिचड़ी भोज संग गोल मेज बैठक में रेलवे के कामरेड. आर.के. पाण्डेय, अधिकारी परिषद के डा. सत्येन्द्र कुमार सिंह, आल इण्डिया ड्राइवर्स फेडरेशन के रामफेर पाण्डेय, रमेश सिंह, रोडवेज के गिरीश चन्द्र मिश्रा, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के जी..एन. सिंह, एस.पी. मिश्रा, परिषद के प्रेम कुमार सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ से रामराज दुबे, सुरेष सिंह यादव, विद्युत अभियंता संघ से जे.बी. पटेल, नियमित वर्कचार्ज संघ से भारत सिंह यादव और षैलेन्द्र कुमार शुक्ला, लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल से वीरेन्द्र कुमार, ओम प्रकाष, चालक संघ लोक निर्माण से सुभाष चन्द्र मिश्रा, राजकीय निर्माण निगम से इं. मिर्जा फिरोजषाह, इं. दिवाकर राय, श्रवण कुमार यादव, इं. आर.पी. यादव, गौरी शंकर कुशवाहा, जी.सी. मिश्रा, अमिता त्रिपाठी, रूपा अवस्थी, सुभाष चन्द्र तिवारी, विवेक कुमार, शिवशंकर दूबे, अमरनाथ, राजकरण पटेल, मनोज श्रीवास्तव, राजर्षि त्रिपाठी, विनोद गौतम, एस.के. त्रिपाठी, इं. एच.एन. मिश्रा, सेतु निगम से इं. श्रीप्रकाश गुप्ता, इं. दिवाकर गौतम, समाज कल्याण से धर्मेंद्र सिंह, महेन्द्र सिंह डोलिया, पीडब्लूडी से जे.पी. पाण्डेय, लेखपाल संघ से सूजीत कुमार, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ग्रामीण अभियंत्रण से इं. नरपत सिंह, रामसुरेष लोक निर्माण विभाग सहित दर्जनों संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें। बैठक में हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली पर सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जब कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। बाकी राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्य कार्मिक और केन्द्र सरकार के कार्मिक लगातार राज्य एवं केन्द्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की माग कर रहा है तो केन्द्र सरकार को तत्काल पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा करते हुए केन्द्र और राज्य के कार्मिकों और सरकार के बीच चल रहे इस शीत युद्ध पर विराम लगाने की आवश्यकता है।

## आदर्श व्यापार मंडल ने भूतनाथ मार्केट मे खिचड़ी भोज का किया आयोजन

संवाददाता



लखनऊ । मकर संक्रांति के अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल भूतनाथ मार्केट ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। खिचड़ी भोज का शुभारंभ भूतनाथ मार्केट के महंत श्री श्री रुद्रनाथजी महाराज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने उपस्थित सभी जनों को मकर संक्रांति की बधाई दी। भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ,महामंत्री मनोज अग्रवाल ,उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना व भूतनाथ मंदिर के महंत श्री श्री रूद्र नाथ जी महाराज ,प्रभारी निरीक्षक गाजीपुर ,चौकी इंचार्ज भूतनाथ, तथा क्षेत्र के व्यापारी गणों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। खिचड़ी भोज में मुख्य रूप से भूतनाथ मार्केट आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रमोद बंसल, सौरभ अरोड़ा ,सौरभ श्रीवास्तव, मोहम्मद उबैद, अमित श्रीवास्तव शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रजत शर्मा अखिल भारत हिंदू महा सभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त

संवाददाता, लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी रजत शर्मा को अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी द्वारा प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि रजत शर्मा पहले इसी संगठन के मथुरा जनपद के मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। उनकी जनकल्याणकारी पत्रकारिता एवं सेवा समर्पण के भाव को देखते हुए प्रदेश पदाधिकारियों की अनुशंसा पर उन्हें संस्था का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की सूचना पर पूरे देश और प्रदेश से उन्हें बधाई देने वाले शुभ चिंतकों का तांता लग गया। रजत शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया तथा संगठन की नीतियों और सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए पूरे प्रदेश में हिंदुओं को संगठित कर सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण हेतु संकल्प लिया। मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून अतिशीघ्र बनाने पर बल दिया तथा सभी से हिंदुत्व की समन्वय व कल्याणकारी अवधारणा को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

### गुरु गोरक्षनाथ को खिचड़ी भोग लगाकर बटा प्रसाद'

संवाददाता, लखनऊ। डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर में मकर सक्रांति महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया जिसमें मंदिर की संस्था श्री राधा माधव सेवा संस्थान एवं साहू समाज जिला लखनऊ के संयुक्त तत्वधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत गुरु गोरक्षनाथ महाराज जी को खिचड़ी भोग चढ़ाकर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन रामचंद्र साहू ने की। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मकर सक्रांति महोत्सव पर खिचड़ी तहरी का प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही अध्यक्ष रामपाल साहू ने बताया कि इस वर्ष असहाय लोगों को 50 से अधिक कंबल वितरित किया गया। गोविंद साहू ने पुष्पगुच्छ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक अभिषेक खरे, अजय त्रिपाठी मुन्ना, रमा शंकर साहू अमृतलाल साहू अमोद कुमार राठौर सुनील कुमार साहू भारत भूषण गुप्ता रामचंद्र साहू देकर स्वागत किया। बाबूगंज स्थित भुईयन देवी में इस अवसर पर चेयरमैन रामचंद्र साहू अध्यक्ष रामपाल साहू, अतुल साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद साहू महामंत्री अनुराग साहू अतिरिक्त महामंत्री राजेश साहू अश्वनी साहू उमाशंकर साहू संतोष साहू सत्यनारायण साहू मनीष साहू उपस्थित रहे।

### एलयू के नए परिसर में लेक्चर सीरीज का होगा आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के नए परिसर में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय द्वारा लेक्चर सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सुबह 11 बजे से ब्लॉकचेन तकनीक चौलेंजेस एवं फ्यूचर प्रॉस्पेक्ट्स विषय पर फैकल्टी ऑफ कंप्यूटर एंड इनफर्मेशन साइंस, यूनिवर्सिटी ऑफलूबीआन, स्लोवेनिया के प्रोफेसर व्लादो स्टेनकोस्की का व्याख्यान होगा। साथ ही दोपहर 2.30 बजे से नो-कोड कंप्यूटर विजन एआई मॉडल डेवलपमेंट विषय पर मुख्य वक्ता वरुण पोलादिया अपने विचार व्यक्त करेंगे। लेक्चर सीरीज की अध्यक्षता अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए.के. सिंह द्वारा एवं संचालन कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रभारी जीशान अली एवं डॉ. शिखा गौतम द्वारा किया जाएगा। लेक्चर सीरीज में बी.टेक, बीसीए एवं एमसीए के छात्र एवं शिक्षक हिस्सा लेंगे।

### मकर संक्रांति पर धवला संस्थान द्वारा कंबल वितरण किया गया

संवाददाता, लखनऊ। मकर संक्रांति पर ग्राम किशनपुर कौड़िया ब्लॉक सरोजिनी नगर लखनऊ में धवला सेवा संस्थान की ओर से कंबल वितरण किया गया। इसमें 60 कंबल पात्र लाभार्थियों को वितरित किया गया। धवला सेवा संस्थान के कार्यक्रमों का आयोजन धवला शिक्षा स्वास्थ्य अनुसंधान एवं सेवा समिति की ओर से आयोजित हुआ था।धवला सेवा संस्थान निर्बल असहाय दलित पिछड़े वर्ग के लोगों को उनके शिक्षा के उन्नयन एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करता है।शैक्षिक स्तर बढ़ाने के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लास और सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों के बीच में प्रचार-प्रसार भी करता है। संस्थान के लोग दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गोष्ठियां कर तथा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करते हुए जनकल्याणकारी कार्यक्रम करता रहता है। संस्थान कमजोर निर्मल निम्न स्तर के लोगों की जीवन स्तर के सुधार के लिए भी कार्य कर रहा हैं।

### श्री कृष्णा फाउंडेशन ने जिला कारागार में मनाई मकर संक्रांति

संवाददाता, लखनऊ। श्री कृष्णा फाउंडेशन (समाज सेवी संस्था) ने जिला कारागार लखनऊ में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। जिला कारागार के अधीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति की उपस्थिति में कारागार के कॉमन हाल में बंदियों के सम्मुख मंत्री ने अपने संबोधन में बंदियों से 'कहा कि आप सभी आपस मे अपने अपने केस के बारे में बात न करके ईश्वर का ध्यान किया करें इसको करने से आपके मन को शांति मिलेगी।' श्री कृष्णा फाउंडेशन की टीम एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बंदियों को कम्बल वितरित किये। श्री कृष्णा फाउंडेशन की टीम ने बंदियों के लिए कम्बल, मंजन, ब्रश, नमकीन, साबुन, शैम्पू, वस्त्र एवं अन्य जरूरत के जीजों को कारागार में वितरण के लिए जमा कर दिया। संस्था के सामाजिक कार्यों के लिए कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार सोनी को शॉल डाल कर सम्मानित किया। संस्था के इस कार्यक्रम में संरक्षक डॉ एस के सोनी, समाज सेविका रागिनी श्रीवास्तव, अध्यक्ष पवन कुमार सोनी, सीमा श्रीवास्तव, लोकप्रिय पार्षद शिवपाल सांवरिया, संस्था की महिला अध्यक्ष सुनीता पांडेय, सचिव शिवम सोनी, शशांक सोनी, देवांश वर्मा, शिवम गुप्ता, संजय चतुर्वेदी, साधना मिश्रा विध्य अध्यक्षा मां विंध्यवासिनी ट्रस्ट, नीलम शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## यूपी में फिर से बदलेगा मौसम का मिजाज, घने कोहरे का अलर्ट किया जारी

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मकर संक्रांति के बाद मौसम एक बार फिर से करवट बदलेगा और ठंड बढ़ेगी। यह बढ़ती हुई ठंड लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे को लेकर चेतावनी देते हुए अलर्ट जारी किया है। बता दें कि जिले में मौसम विभाग ने प्रदेश भर में घने कोहरे व शीतलहर के आसार को देखते हुए अलग-अलग जिलों के लिए यलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते शनिवार को पश्चिमी यूपी ज्यादातर हिस्सों में 3 से 8 डिग्री तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। वहीं, राज्य में बढ़ती हुई सर्दी लोगों की परेशानियां काफी बढ़ा रही है। यातायात भी प्रभावित हो रहा है। वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ रही है। मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पर्वतीय राज्यों में भारी बर्फबारी शुरू हो गई है। वहां से आने वाली बर्फीली हवाओं के चलते प्रदेश में आगामी दो-तीन दिनों के दौरान 4 से 6 डिग्री तापमान में गिरावट संभव है। 16 से 19 जनवरी तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति बनेगी। पश्चिमी यूपी में इससे ज्यादा असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा, बुलंदशहर, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, अमरोहा, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, महोबा, ललितपुर, आगरा, अलीगढ़, मथुरा, झांसी, हमीरपुर, जालौन, प्रयागराज और आसपास के इलाकों में घना कोहरा रहेगा।

## सभी को न्याय दिलाने के लिए काम करूँगा : ए.एम. त्रिपाठी

### अवध बार एसोसिएषन अध्यक्ष पद के प्रत्याषी ने किया भोज का आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। मकर संक्रांति के अवसर पर अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ए.एम. त्रिपाठी एडवोकेट ने श्याम सत्संग भवन महानगर में एक भोज का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से संजय पाण्डेय एडवोकेट, मो0 रजा एडवोकेट, अभिषेक द्विवेदी एडवोकेट, ललित किशोर तिवारी एडवोकेट, अरविन्द पाठक एडवोकेट, सन्दीप सिंह एडवोकेट, आनन्द गिरि एडवोकेट, पँकज वर्मा एडवोकेट, प्रवीण कुमार तिवारी एडवोकेट, दीपक कुमार शर्मा एडवोकेट, अमित तिवारी एडवोकेट, अनुराग त्रिपाठी एडवोकेट, अमरेन्द्र सिंह एडवोकेट, प्रणव पाण्डेय एडवोकेट, महमूद आलम एडवोकेट, आनन्द मिश्रा एडवोकेट, नागरिक अधिकार परिषद के अध्यक्ष रफी अहमद एडवोकेट सहित भारी तादाद में लखनऊ शहर के अधिवक्ता गण और शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिवक्ताओं और अतिथियों का स्वागत करते हुए ए.एम. त्रिपाठी एडवोकेट ने यह आश्वासन दिया कि यदि वह इस बार अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर चुनाव में जीत हासिल करते हैं तो पहले से भी बेहतर तरीके से अधिवक्ताओं के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे साथ ही समाज के गरीब व कमजोर तबके के लोगों को भी न्याय दिलाने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर इलाहाबाद हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के अनेक अधिवक्ता गण और शहर के अनेक सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे कार्यक्रम में आये अथियों एवं अधिवक्ताओं ने अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर ए.एम. त्रिपाठी एडवोकेट को जीत दिलाने के लिए सहयोग एवं समर्थन की आश्वासन दिया। इस अवसर पर नागरिक अधिकार परिषद के अध्यक्ष रफी अहमद ए.एम. त्रिपाठी एडवोकेट को सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अनुराग त्रिपाठी एडवोकेट ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अतिथियों को अपना बहुमूल्य समय निकालकर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।

## मंडलायुक्त ने डा. भीमराव अम्बेडर सामाजिक परिवर्तन व कांशीराम स्मारक स्थल का किया निरीक्षण

संवाददाता



लखनऊ। मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब और विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आगामी जी(20) सम्मेलन एवं इन्वेस्टर समिट के दृष्टिगत स्मारक समिति के अधीन डा. भीमराव अम्बेडर सामाजिक परिवर्तन स्थल गोमती नगर एवं कांशीराम स्मारक स्थल जेल रोड पार्क व परिक्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में निर्देश दिए,कि स्ट्रक्चरल स्ट्रेन्थनिंग के कराये जाने वाले कार्य को 15 मार्च तक पूर्ण हो। कार्यों का समय-समय पर यूपी निर्माण निगम के स्ट्रक्चरल इंजीनियर परीक्षण किया जाए। यूपी निर्माण निगम द्वारा क्रैक बीमों का कार्य 20 दिवस के अन्दर ही पूर्ण हो। सौन्दर्यीकरण के अन्य कार्य, जैसे- रिपेयरिंग, पोलिशिंग व पेन्टिंग कार्य हर स्थिति में जनवरी माह में समाप्त कर लिया जाए।बचें कार्यों का अतिशीघ्र टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण करावा कर कार्य प्रारम्भ करा लिए जाएं। जी 20 के लिए पार्कों को समय से सजाने को खा हैं। निरीक्षण के समय मंडलायुक्त के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी, लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पवन गंगवार, यूपी राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबन्धक योगेश पवार, अपर परियोजना प्रबन्धक संजय सिंह के अतिरिक्त स्मारक समिति संबंधित अधिकारीगण भी मौजूद रहें।

## अभय निर्भीक संत तुलसी सम्मान व रूचि द्विवेदी रमन लाल अग्रवाल सम्मान से सम्मानित

संवाददाता, लखनऊ। तुलसी शोध संस्थान उ0प्र0 श्री राम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में आज तुलसी सभागार ऐशबाग, लखनऊ में आयोजित तुलसी गोष्ठी वार्षिकोत्सव-2023 में अभय निर्भीक संत तुलसी सम्मान एवं रूचि द्विवेदी रमन लाल अग्रवाल सम्मान से सम्मानित हुईं। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ नीरज बोरा, पं आदित्य द्विवेदी और हरीश चन्द्र अग्रवाल ने अम्बेडकर नगर के वीर रस के कवि अभय निर्भीक को संत तुलसी सम्मान-2023 एवं अयोध्या की गीतकार रूचि द्विवेदी को रमन लाल अग्रवाल सम्मान-2023 से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने संक्रान्ति की महत्ता पर प्रकाश डाला और विशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज बोरा ने साहित्य की उपादेयता को रेखांकित किया। समारोह में पं आदित्य द्विवेदी, हरीश चन्द्र अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, डॉ.सर्वेश अस्थाना, मयंक रंजन एवं अरविन्द झा ने तुलसीदास के व्यक्तिव पर प्रकाश डाला। अशोक अज्ञानी की वाणी वन्दना से आरम्भ हुए कवि सम्मेलन में व्यंग्यकार मुकुल महान की यह पंक्तियां खूब सराही गईं, उन्होने सुनाया- राजनीति हमारे देश का राष्ट्रीय उद्योग है, ये जनता की आशाओं पर रेत के महलों का प्रयोग है। वीर रस के युवा हस्ताक्षर अतुल बाजपेयी ने कहा-बल, बुद्धि, पराक्रम के सागर, जिनके आयुध धनु सायक हैं, वह पुरुषोत्तम भारत गौरव, प्रभु राम हमारे नायक हैं।

## यूपी में कोरोना के 18 एक्टिव केस,24 घंटे में मिला महज 1 संक्रमित

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में कोरोना का एक मरीज सामने आया हैं। इस दौरान एक मरीज रिकवर भी हुआ। इसी के साथ एक्टिव केस का आंकड़ा 18 हो गया हैं। रविवार सुबह आई रिपोर्ट में राज्य के 14 जनपदों में कोरोना संक्रमण के मरीज पाए गए हैं। 24 घंटे में कुल 52 हजार 258 सैंपल की जांच हुई हैं।

एक दिन पहले यानी शनिवार सुबह आई रिपोर्ट में राज्य में कोई भी पॉजिटिव मरीज रिपोर्ट नही हुआ। फिलहाल प्रदेशभर में 15 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। गोंडा में 1881 सैंपल की जांच की गई। इनमें से 1 सैंपल की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव रही। वही मैनपुरी में 2729 सैंपल की जांच की गई। इसके अलावा इटावा में 2157, अम्बेडकर नगर में 1697, शाहजहांपुर में 1614, अयोध्या में 1419 सैंपल की जांच हुई। हालांकि अन्य किसी जिले में कोई सैंपल पॉजिटिव नही मिला। यूपी में फिलहाल सबसे ज्यादा मामले अम्बेडकर नगर में हैं। यहां 3 सक्रिय मरीज हैं। वही आगरा और गौतमबुद्ध नगर में 2 - 2 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा 11 जिलों में एक-एक सक्रिय केस हैं। विदेशों में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बीच तमाम एक्सपर्ट्स ज्यादा अलर्ट रहने की बात कह रहे हैं। विशेषतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा सतर्क रहने की बात कही जा रही हैं। राजनारायण लोकबंधु अस्पताल की निदेशक डॉ. दीपा त्यागी ने बताया कि फिलहाल यूपी में कोरोना संक्रमण के मामले बेहद सीमित हैं पर सतर्कता बरतने में लापरवाही ठीक नही हैं। जिन मरीजों को पहले से ही गंभीर रोग हैं उन्हें भी ज्यादा एहतियात बरतना होगा। भीड़ भाड़ वाली जगह से बचने के अलावा मास्क के प्रयोग से संक्रमण से बचा जा सकता हैं। इस दौरान धूप निकले तो थोड़ा समय धूप में जरूर बैठें।

## प्रचार-प्रसार माध्यम जनता का सहयोगी माध्यम : संजय चौधरी

### राजधानी में शीला एड मेकर्स का नया प्रतिष्ठान खुला


संवाददाता, लखनऊ। वर्तमान परिपेक्ष्य में एक बात जग जाहिर है, जो दिखता है वह बिकता है, इसका सबसे अच्छा माध्यम प्रचार-प्रसार सामग्री है, जो किसी बात और वस्तु के बारे में आम आदमी को बताने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है, कुछ इसी बात को मद्देनजर रखते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार सामग्री के अग्रणी निर्माता शीला एड मेकर्स ने आज लखनऊ के गुड़ मण्डी-डालीगंज में अपने नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। शीला एड मेकर्स प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर संस्था के प्रमुख अजय अग्रवाल ने बताया की इस प्रतिष्ठान में प्रचार-प्रसार की सभी सामग्री जैसे की- रिंग, कप, टी-शर्ट, कैप, अंग वस्त्र पर नाम लिखवाने और फोटो छापने की पूरी व्यवस्था है। इसके अलावा किसी भी चीज के व्यापक प्रचार और प्रसार के लिए किसी भी डिजाईन के बाग प्रिंटिंग, प्रिंटिंग कार्ड, विजिटिंग कार्ड, पोस्टर, स्टीकर, कैलेंडर, झंडे, कॉफी टेबलबुक, डायरी, फ्लेक्स आदि का निमार्ण वाजिब दामों में किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह सभी चीजें एक ही छत के नीचे अर्जेंट, ऑनलाइन के साथ होम डिलीवरी के रूप में उपलब्ध है। अजय अग्रवाल ने बताया कि यहां पर चुनाव प्रचार सामग्री का भी निमार्ण किया जाता है। यहां पर प्रिंटिंग की सब्लीमेशन मशीन है, जिससे 1 दिन में 10 हजार टी-शर्ट प्रिंट हो जाती है। इस अवसर पर संजय चौधरी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ने कहा की प्रचार के माध्यम से ही किसी भी संगठन, सरकार, प्रतिष्ठान और प्रकल्प अपनी योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्य विधियों को आम आदमी तक पहुंचाने में सफल होते हैं। प्रचार-प्रसार माध्यम जनता का एक सहयोगी माध्यम है। शीला एड मेकर्स प्रचार प्रसार की दिशा में सक्रिय योगदान दे रहा है। इस अवसर पर अमर नाथ अग्रवाल व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## इंडिया और न्यूजीलैंड मैच के लिए टिकट रेट जारी

### 29 जनवरी को इकाना में होगी भिड़न्त, 499 से 20 हजार रुपए तक मिलेगा टिकट

संवाददाता

लखनऊ। इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच इकाना में खेले जाने वाले मैच के लिए टिकटो के रेट तय हो गए है। इस बार न्यूनतम 499 और अधिकतम 20 हजार रुपए तक टिकट तय किया गया है। रेट सूची जाहिर कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच की मेजबानी सौंपी है। 29 जनवरी को इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच इकाना में खेला जाएगा। इससे पहले इकाना में इंडिया-अफ्रीका, इंडिया-वेस्टइंडीज और इंडिया-श्रीलंका के बीच मैच खेला जा चुका है। इसमें दो मैच टी-20 के और एक वनडे हुआ है। इकाना स्टेडियम की क्षमता करीब 40 हजार तक है। हालांकि प्रशासन और बाकी कारणों से 36 हजार टिकट बेचे जाते हैं। बाकी पास और अन्य सुरक्षा कारणों से सुरक्षित रख लिया जाता है। इकाना क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन 2016 में हुआ था। यहां भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहले इंटरनेशनल मैच की मेजबानी 6 नवंबर 2018 को की गई थी। तब यहां टी-20 मैच खेला गया था। इसके साथ इकाना स्टेडियम इंटरनेशनल क्रिकेट मैच की मेजबानी करने वाला भारत का 52वां स्टेडियम बना था। जनवरी-फरवरी में ही छह मैचों के लिए भारत न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। इस दौरान दोनों टीमों के बीच तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। इंदौर, रांची और लखनऊ को भी एक-एक मैच की मेजबानी मिली है। इंदौर में 24 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड तीसरा वनडे खेला जाएगा। वहीं, 27 जनवरी को रांची में पहला टी20 खेला जाएगा।



## सम्पादकीय

### चंडीगढ़ की विरासत

सुप्रीम कोर्ट ने ली कार्बूजिए की संकल्पना चंडीगढ़ की विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि चंडीगढ़ का हेरिटेज स्वरूप बनाये रखना जरूरी है। इसी क्रम में एक आवासीय इकाई को फ्लोरवाइज अपार्टमेंट में नहीं बदल सकते। अब किसी प्रॉपर्टी की फ्लोरवाइज रजिस्ट्रेशन अथवा अपार्टमेंट में बदले जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की खंडपीठ ने फैसले में कहा कि चंडीगढ़ देश का पहला प्लांड सिटी है अतरू इसके निर्माता ली कार्बूजिए के हेरिटेज स्टेटस के मूल स्वरूप को बनाये रखना जरूरी है। किसी बदलाव से इसके फेफड़े घायल होंगे। दरअसल, कार्बूजिए ने सेक्टर एक से तीस तक एरिया डिजाइन किया था, जिसे फेज-1 कहा गया है। इसी इलाके में सुप्रीम कोर्ट ने मकान को फ्लोरवाइज बनाने पर रोक लगायी है। यानी फ्लोर के कवर्ड व ओपन एरिया के अनुपात को बदला नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को आदेश दिया है कि किसी ऐसे प्लान को मंजूरी नहीं दी जायेगी, जिसमें लगता हो कि तीन अलग-अलग व्यक्ति किसी एक घर को अलग-अलग अपार्टमेंट्स में बदल रहे हों। साथ ही यदि कोई व्यक्ति एक घर को तोड़कर फ्लोरवाइज बनाना चाहेगा तो उसकी रजिस्ट्री भी नहीं हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ के सेक्टर दस की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने वर्ष 2016 में इस मामले के बाबत पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसकी दलील थी कि 'अपार्टमेंटीकरण' से जहां शहर का चरित्र बदल जायेगा, वहीं शहर की सड़कों में अवरोध पैदा होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कोठियों को अपार्टमेंट्स में बदलने पर रोक लगाने के साथ ही चंडीगढ़ हेरिटेज कंजर्वेशन कमेटी को फेज एक में पुनरू व्यवस्थित बसावट के मुद्दे पर विचार करने को भी कहा। साथ ही यह भी कि हेरिटेज समिति से परामर्श और केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना चंडीगढ़ प्रशासन किसी भी तरह के सरकारी नियमों या उपनियमों का सहारा नहीं लेगा। निस्संदेह, चंड़ीगढ़ स्वतंत्र भारत का पहला ऐसा शहर है जिसे नियोजित ढंग से बसाया गया है। मगर प्लांड सिटी होने के बावजूद बढ़ती आबादी के साथ व्यवस्थागत दिक्कतें भी बढ़ी हैं। इसकी मूल वजह यह भी है कि शहर का तीन लाख लोगों की जरूरतों के अनुरूप नियोजन हुआ था। ऐसे में मौजूदा समय में आबादी का तेरह लाख होना कई तरह की चुनौतियां पैदा कर रहा है। हालांकि, शहर का कुछ विस्तार तो हुआ लेकिन इसके मुख्य सेक्टरों की बनावट में हेरिटेज संरक्षण की प्राथमिकताओं के चलते कोई बड़ा बदलाव नहीं होने दिया गया। लेकिन यह भी हकीकत है कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की प्रशासनिक इकाइयों का इस शहर में होना कर्मचारियों की तादाद तो बढ़ाता ही है, साथ ही कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने वाले विभागों, व्यवसायों व सेवा कार्यों से जुड़े लोगों की आवासीय जरूरतें भी लगातार बढ़ती रही हैं। यही वजह है कि चंडीगढ़ से नजदीक पंजाब, हरियाणा व हिमाचल के इलाकों में बस्तियों व अपार्टमेंटों का विस्तार तेजी से हुआ। लेकिन सीमित विकल्पों व महंगी प्रॉपर्टी के चलते लाखों लोगों का चंडीगढ़ में अपना आशियाना बनाने का सपना महज सपना बनकर ही रह जाता है। वैसे भी सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के बाद अब तो चंडीगढ़ में अलग घर खरीदना आम आदमी की पहुंच से हमेशा बाहर ही रहेगा। निस्संदेह, हालिया फैसले के बाद कई तरह की जटिलताएं भी सामने आएंगी। उस व्यक्ति की परेशानी बढ़ेगी जो अपने बच्चों में प्रॉपर्टी अलग-अलग हिस्सों में बांटना चाहता है। कुछ वृद्ध व सेवानिवृत्त लोग जो आय व जीवन यापन के लिये किसी फ्लोर को बेचना चाह रहे थे, उन्हें भी इस फैसले के बाद मायूस होना पड़ सकता है। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि फेज एक के सेक्टरों में अलग कानून लागू होगा और बाकी सेक्टरों में अलग।

### संवेदनहीन समाज

पुलिस विभाग अक्सर कई तरह के आरोपों से घिरा रहता है। जैसे पुलिस जनता की सेवा और रक्षा करने की जगह उसे भयभीत करती है। पुलिस की प्राथमिकताएं रसूखदारों के लिए कुछ और, आम जनता के लिए कुछ और हैं। पुलिस विभाग सत्ता के दबाव में काम करता है। मौजूदा व्यवस्था में पुलिस का जो रवैया है, उसमें ये आरोप बेबुनियाद भी नहीं लगते हैं। क्योंकि समाज के दबे-कुचले लोगों, जाति, धर्म और धन से कमजोर तबके को पुलिस से दोहरी प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा, ऐसे बहुत से प्रकरण अलग-अलग राज्यों में घटते ही रहते हैं। लेकिन इसी बीच पुलिस की एक नयी छवि को दिखाने वाला प्रकरण देश की राजधानी दिल्ली में घटित हुआ। इस घटना से पुलिस नहीं, समाज के रवैये पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती 4 जनवरी को दिल्ली पुलिस के एएसआई शंभूदयाल मायापुरी इलाके में मोबाइल छीनने वाले एक आरोपी को पकड़ कर ले जा रहे थे, तभी आरोपी ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिए। आरोपी का नाम अनीश बताया जा रहा है। शंभूदयाल पर हमला करने के बाद आरोपी पास के एक कारखाने में छिप गया और वहां भी उसने एक मजदूर को चाकू की नोंक पर बंधक बना लिया। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह उस मजदूर को छुड़ाया और अनीश को गिरफ्तार किया। इस घटना में घायल एएसआई शंभूदयाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब दिल्ली सरकार ने उन्हें शहीद बताते हुए उनके परिवार को एक करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की है। चूंकि आरोपी का नाम अनीश है, तो समाज में आग लगाने के लिए तैयार बैठे लोगों ने फौरन इस मामले को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। आरोपी का नाम मोहम्मद अनीस बताते हुए इस पर फिर हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करने की कोशिश सोशल मीडिया के जरिए शुरु हो गई। हालांकि यहां दिल्ली पुलिस ने फौरन बात संभालते हुए ट्वीट कर साफकिया कि शंभू दयाल की हत्या करने वाले आरोपी का नाम अनीश राज, पुत्र -प्रह्लाद राज है। यह एक अपराधी है। दिल्ली पुलिस ने ट्वीट में ये भी लिखा कि मामला सांप्रदायिक नहीं है। सोशल मीडिया में कुछ हैंडल्स द्वारा गलत व भ्रामक जानकारी दी जा रही है। सोशल मीडिया नफरत फैलाने का सबसे सस्ता, सुलभ साधन बन चुका है, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन समाज में नफरत परोसने वालों को यह जरूर देख लेना चाहिए कि वे कैसे अपने लिए ही गड्ढा खोद रहे हैं। हो सकता है नफरत के जरिए सियासत में फायदा हो। धर्म की रक्षा के नाम पर सत्ता हासिल हो जाए। लेकिन इसमें समाज के ताने-बाने को कितना नुकसान पहुंच चुका है, शंभूदयाल की मौत उसका जीता-जागता उदाहरण है। आरोपी ने उन पर चाकू से हमला किया अंधेरी, सुनसान जगह पर नहीं किया, बल्कि कैमरे में कैद हुआ है कि आरोपी बीच बाजार उन पर चाकू मार रहा है। आस-पास लोग खड़े हैं, जिनमें से कुछ उसे रोकने आगे बढ़ते हैं, तो आरोपी उन सबको भी चाकू से डरा देता है। अगर आरोपी के पास बंदूक होती, तब लोगों का डरना स्वाभाविक था, क्योंकि उसमें दूर से किसी को भी मारा जा सकता है। लेकिन चाकू लिए आदमी को अगर सारे लोग मिलकर जुटाकर घेरते और किसी तरह उसे रोकते तो शायद शंभूदयाल आज जीवित होते। एक चाकू से बहुत सारे लोगों का डर कर पीछे हट जाना, इस बात का उदाहरण है कि अब हमारे समाज से हिम्मत को तोड़ने में नफरत कामयाब रही है। मुमकिन है अपने सामने एक आदमी की चाकू से हत्या के बाद बहुत सारे लोग घर जाकर आराम से खा-पीकर सो भी गए होंगे या फिर इस घटना को किसी फिल्मी कहानी की तरह बता रहे होंगे कि हमारे सामने ऐसा हुआ। समाज इतना संवेदनहीन एक दिन में नहीं बना है। इसे बाकायदा नफरत की घुट्टी पिला-पिलाकर स्वार्थी और संवेदनहीन बनाया गया है। ऐसे समाजनिर्माण की जिम्मेदारी सरकार पर भी है, जो दिवास्वप्नों में उलझाकर, नए भारत के निर्माण का दावा कर पुरानी सभी अच्छी चीजों को खत्म करने की अघोषित मुहिम में लगी हुई है। एक पुलिसकर्मी अपना काम करते हुए मारा जाता है और इस स्थिति पर चिंतामग्न होने की जगह अनीस बनाम अनीश का विवाद खड़ा करने की कोशिश होती है। ऐसा ही पिछले दिनों श्रद्धा-आफताब मामले में हुआ। जिसमें एक लड़की प्यार में न केवल धोखे का शिकार हुई, बल्कि क्रूरता से मारी गई। उस पर भी हिंदू-मुसलमान का खेल शुरु हो गया।

# विधायिका के मापदंडों पर महासम्मेलन

**आदित्य नारायण चोपड़ा**

स्वतन्त्रता के बाद भारत ने लोकतन्त्र की जिस संसदीय प्रणाली को अपनाया था उसका मुख्य कारण यह था कि इस व्यवस्था में आम जनता की सत्ता में सीधी भागीदारी रहे और उसकी समस्याओं का समाधान भी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ इस प्रकार हो कि इसमें शासन करने वाले पक्ष और विरोध में बैठे पक्ष के बीच सहमति बनाकर सत्ता का संचालन हो। अत: इस प्रणाली को असरदार बनाने के लिए चुने हुए सदनों के ऐसे नियम बनाये गये जिनसे सत्ता व विपक्ष दोनों के बीच ही सामंजस्य स्थापित रहे। इस मामले में चुने हुए सदनों विधानसभा, विधान परिषद व लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्षों या पीठासीन अधिकारियों अथवा सभापतियों को अपने-अपने सदनों के भीतर उन अधिकारों से पूर्णत: लैस किया गया जिससे वे सदन में चुनकर आये प्रत्येक सदस्य के अधिकारों का संरक्षण कर सकें और सदन की कार्यवाही को किसी भी न्यायिक समीक्षा से परे रख सकें। इसके लिए पीठासीन अधिकारियों को न्यायिक अधिकार भी दिये गये जिससे सदन के भीतर के सभी मामलों का निपटारा सदन संचालन के लिए बने नियमों के अनुसार हो सके। सदन के भीतर इसके अध्यक्ष या सभापति को न्यायाधीश के समकक्ष दर्जा देने का अर्थ यही था कि चुने हुए प्रतिनिधियों की अपने-अपने सदनों के भीतर अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता पर किसी प्रकार का अंकुश न



लग सके जिसके लिए इन सदस्यों को विशेषाधिकार भी दिये गये। यह अनूठी व्यवस्था राजनैतिक दलों द्वारा बहुमत पाने पर बनी सरकारों की सत्ता को सदैव मर्यादित आचरण करने के साथ ही विपक्ष को आपे से बाहर होने से रोकने के लिए अध्यक्षों को उन अधिकारों से भी लैस किया गया जिससे वे सरकार के किसी मन्त्री से लेकर विपक्ष के सदस्य की जवाबदेही सदन के प्रति तय कर सकें। लोकतन्त्र में चुने हुए सदनों को राज्य व केन्द्र के सन्दर्भ में सर्वोच्च माना गया और इनमें कही या लिखी गई बातों को पत्थर की लकीर की तरह लिया गया। यह सारी व्यवस्था चुने हुए सदनों को जनता का सच्चा प्रतिनिधि बनाने के लिए ही की गई। परन्तु हम देख रहे हैं आजादी के बाद से इन सदनों की कार्यप्रणाली में लगातार गिरावट आ रही है और शोर-शराबे के बीच सदनों की कार्यवाहियां निपटती सी लग रही हैं। बेशक ये सदन केवल वाद-विवाद के प्रतियोगिता स्थल नहीं हो सकते मगर इनमें होने वाली बहस ठोस तर्कों के आधार पर हो और सम्बद्ध विषय की पेचीदा पर्तें खोलती लगें, इसे देखना भी अध्यक्षों का काम हो जाता है। आजकल राजस्थान की राजधानी जयपुर में अखिल भारत के पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन चल रहा है जिसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ ने किया। भारत में ऐसे सम्मेलन पूर्व में भी होते रहे हैं और उस क्रम में यह 83वां सम्मेलन है। इस सम्मेलन का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके अनुसार भारत को जी-20 देशों की अध्यक्षता मिलने के वर्ष में भारत की विधायिका किस प्रकार पूरे विश्व के लोकतान्त्रिक देशों के लिए एक नजीर बन सकती है? दूसरे इस मुद्दे पर भी सम्मेलन में विचार होगा कि विधायिका और न्यायपालिका के बीच सम्बन्ध सुधारने के लिए क्या कदम उठाये जायें? जहां तक पहले प्रश्न का सम्बन्ध है तो स्पष्ट है कि भारत की विधायिका की साख विश्व के लोकतान्त्रिक देशों में अभी तक बहुत ऊंचाई पर रख कर देखी जाती रही है परन्तु पिछले कुछ दशकों से इसमें प्राय: ह्रास हो रहा है। इसकी वजह बहुत साफहै कि सदनों में चुनकर आने वाले सदस्यों के आचरण में गिरावट आ रही है और वे सदन की ही बंधी हुई स्वस्थ परंपराओं का उल्लंघन तक करने में हिचकिचाहट महसूस नहीं करते हैं। जिस प्रकार विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में खुलकर हाथापाई तक हो जाती है उसे देखते हुए पीठासीन अधिकारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। साथ ही विभिन्न राज्यों में विधानसभाओं का सत्र जितने कम समय के लिए बुलाने की परंपरा बढ़ रही है वह भी विधायिका के लिए नुकसानदेह है क्योंकि ऐसा करने से चुने हुए प्रतिनिधियों की जनता के प्रति जवाबदेही ही नैपथ्य में जाती है। अत: बहुत जरूरी है कि चुने हुए प्रतिनिधि अपने सदनों में अपेक्षाकृत अधिक समय तक बैठें और जनता के मुद्दों व उसकी समस्याओं के बारे में सदनों के भीतर अधिकाधिक विचार-विमर्श करें। लेकिन न्यायपालिका व विधायिका के बीच के सम्बन्धों का मामला बहुत नाजुक है क्योंकि भारत के संविधान ने दोनों ही स्तम्भों के अधिकारों के बीच जो लक्ष्मण रेखा खींची हुई है उसका उल्लंघन किसी सूरत में नहीं होना चाहिए। इस मामले में हमें यह ध्यान रखना होगा कि सदनों की कार्यवाही की समीक्षा करने का अधिकार किसी भी न्यायालय को नहीं है मगर संविधान सम्मत संचालन होते देखने का हक सर्वोच्च न्यायालय को मिला हुआ है क्योंकि अन्त में सर्वोच्च न्यायालय ही देश में संविधान का शासन सुनिश्चित करने का सिपहसालार है। हमारे पास ऐसी कई नजीरें हैं जब सर्वोच्च न्यायालय को विधानसभा की कार्यवाही पूर्ण रूपेण संविधान सम्मत तरीके से चलाने के निर्देश देने पड़े हैं, सबसे ताजा उदाहरण कुछ वर्ष पहले उत्तराखंड का है। अत: लोकतन्त्र हर स्तर पर मर्यादा की अपेक्षा रखता है। यह बेवजह नहीं था कि समाजवादी नेता स्व. डा. राममनोहर लोहिया अक्सर कहा करते थे कि लोकतन्त्र लोकलज्जा से चलता है। उनका आशय इस तन्त्र में जन्मी विसंगतियों को दूर करने से ही होता था।

# भारत में सुरक्षित हैं मुस्लिम

भारत की धरती मुसलमानों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। यही वजह है कि यहां रहने वाले मुस्लिम अन्य देशों में रहने वाले मुस्लिमों से बेहतर पाते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने अपने एक साक्षात्कार में इस तथ्य को स्पष्ट किया है कि हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने और साथ लेकर चलने की हमारी प्रवृति है और इस्लाम को देश में कोई खतरा नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम बड़े हैं, हम एक समय राजा थे, हम फ्रि से राजा बनें, ऐसा भाव मुस्लिमों को छोड़ना पड़ेगा। अगर कोई हिन्दू भी ऐसा सोचता है तो उसे भी इस विचार को छोड़ना होगा। संघ प्रमुख का यह कथन शत-प्रतिशत सत्य पर टिका हुआ है। इस्लामिक सहयोग संगठन के लगभग 57 सदस्य देश हैं। इन देशों की पहचान एक कट्टर मुस्लिम देशों के रूप में होती है। इनमें से कुछ गिने-चुने देशों को यदि छोड़ दें तो ज्यादातर देश आंतरिक कलह, आतंकवाद और भयंकर अपराध के गढ़ बन चुके हैं। मिडिल ईस्ट देशों की बात करें तो सऊदी अरब, ईरान, इराक, सीरिया, तुर्की समेत करीब 18 देशध्हैं। इनमें से कुछ देश काफ्ी अमीर हैं लेकिन वहां भी अशांति व्याप्त है। पाकिस्तान और अफ्गानिस्तान के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। आतंकवाद की खेती करने वाला पाकिस्तान इस समय अनाज के दाने-दाने को मोहताज है और लोगों को भरपेट रोटी भी नसीब नहीं हो रही। अफ्गानिस्तान में तालिबानी शासन की क्रूरता पूरी दुनिया देख रही है। इनके अलावा अफ्रीका में मौजूद मुस्लिम राष्ट्र ज्यादातर भयंकर आतंकवाद, भूखमरी और अपराध से ग्रसित हैं। जबकि भारत में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं पर ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। भारत में 18 करोड़ के लगभग मुस्लिम रहते हैं। यह घ्ब्रिटेन, स्पेन और इटली की कुल आबादी के बराबर है। यह दुनिया के किसी भी देश में मुसलमानों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है। भारत के मुसलमानों में जितनी विविधता देखने को मिलती है वो किसी और देश के मुसलमानों में नहीं दिखती। भारत के मुसलमानों ने खानपान, शायरी, संगीत, मोहब्बत और इबादत का इतिहास बनाया है। संघ प्रमुख बार-बार यह दोहराते आ रहे हैं कि भारत में रहने वालों का डीएनए एक है और सबका धर्म वास्तव में सनातन धर्म ही है। संघ प्रमुख यह भी कहते रहे हैं कि भारत के सभीघ् निवासी हिन्दू हैं, उनका धर्म अलग-अलग हो सकता है, पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है। मगर उनकी राष्ट्रीयता एक ही है और वह घ्हिन्दू है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का 1995 में दिया गया वह फैसला भी बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें कहा गया था कि हिन्दू संस्कृति एक जीवन शैली है, यह विशुद्ध रूप से धर्म नहीं है। वास्तव में इस तर्क में कोई वजन नहीं है कि हमने अपने संविधान में



हिन्दोस्तान शब्द को न लिखकर भारत लिखा है या इंडिया लिखा है। ये दोनों ही शब्द भारत की पुरातन सनातन संस्कृति और सिन्धु घाटी की सभ्यता की संस्कृति से उपजे हैं। आर्यावर्त के जिस भूखंड को हम भारत कहते हैं वह राजा दुष्यन्त और ऋषि कन्या शकुन्तला के पुत्र 'भरत' के नाम पर पड़ा है। महर्षि कण्व के आश्रम में अप्सरा 'मेनका' की पुत्री शकुन्तला का लालन-पालन हुआ था। महाकवि कालिदास की कालजयी महाकृति 'अभिज्ञान शाकुन्तलम' में जम्बू द्वीप के इस भूखंड के 'भारत' होने का वर्णन है। इसके बाद स्व. राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त ने हिन्दी में महाकाव्य 'शकुन्तला' लिखकर इसे जन-जन तक पहुंचाया। भारत के भारत होने के प्रमाण आज भी इस देश के विभिन्न स्थानों पर बिखरे पड़े हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मुस्लिम क्रांतिकारियों, कवियों और लेखकों का योगदान काफ्ी रहा है। स्वतंत्र भारत के राष्ट्रपतियों में तीन डाक्टर जाकिर हुसैन, फ्खरुद्दीन अली अहमद, डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पद पर रहे हैं। मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश में अनेक मुस्लिम नेताओं की राष्ट्रभक्ति पर कोई संदेह नहीं रहा। देश को आजाद कराने में अशफाक उल्ला खां की शहादत को कौन भुला सकता है। जरूरत है घुलमिल कर रहने की। धर्म के नाम पर पाकिस्तान का बंटवारा होने के बाद ही दीवारें खड़ी हुई हैं। भारतीय मुस्लिमों को सोचना होगा कि भारत में रहना उनके लिए गर्व की बात है और वे यहां काफ्ी सुरक्षित हैं।

# एकजुट हो रहे हिंदुओं को फिर बांटने की साजिश है जातिगत गणना

**आदित्य नारायण चोपड़ा**

पता हो कि भारत में आखिरी बार ब्रिटिश शासन के दौरान जाति के आधार पर 1931 में जनगणना हुई थी। इसके बाद 1941 में भी जनगणना हुई लेकिन आंकड़े पेश नहीं किए गए। इसके बाद अगली जनगणना से पहले देश आजाद हो चुका था। यह देश का दुर्भाग्य है कि 21वीं सदी में भी हम जातिवाद में उलझे हुए हैं। एक तरफ समाज के सभी वर्गों में समानता लाने के लिए तमाम समाजसेवी संगठन मुहिम चला रहे हैं तो वहीं कई राजनैतिक दल वोट बैंक की सियासत के सहारे सत्ता सुख भोगने के लिए जातिगत जनगणना कराये जाने के लिए उतावले नजर आ रहे हैं। उनको इस बात की चिंता नहीं है कि जातीय गणना कराया जाना किसी 'विस्फोट' से कम नहीं है। यह वह 'आग' है जिसमें उन लोगों के तो हाथ जलना तय ही है जो इसे लगा रहे हैं, वहीं वह भी इस 'आग' से नहीं बचेंगे जो तटस्थ रहेंगे। इससे समाज में भेदभाव को बढ़ावा मिलना तय है, भले ही जातीय गणना का समर्थन करने वाले इसके तमाम फायदे गिनाते रहें, लेकिन इसके पीछे सत्ता हथियाने का खेल ही है। इस 'खेल' की बुनियाद तो काफी पहले पड़ गई थी, लेकिन जबसे भारतीय जनता पार्टी और खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देते हुए जातियों में बंटे हिन्दुओं को एकजुट करने की सफल मुहिम चलाई तो जातिवाद की राजनीति करने वाले दलों के नीचे से सत्ता खिसक गई। इसी के बाद हिन्दुओं को आपस में बांटने और लड़ाने का खेल फ्रि से शुरू हो गया। इसीलिए साजिश के तहत जातीय गणना कराई जा रही है। गौरतलब है कि अपने देश में तमाम जातियां और उनकी उपजातियां हैं। इनकी संख्या कितनी है, किस जाति में कितने लोग हैं, इनकी आर्थिक स्थिति क्या है, ये फ्लिहाल निर्धारित नहीं है। साल 1931 से लेकर आज भी यही मुद्दा हमारे देश में विकास की राह में रोड़ा बना हुआ है। वर्ष 1931 तक भारत में जातिगत जनगणना होती थी। साल 1941 में जनगणना के समय जाति आधारित डेटा जुटाया जरूर गया था, लेकिन प्रकाशित नहीं किया गया। साल 1951 से 2011 तक की जनगणना में हर बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया, लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियों का नहीं। इसी वजह से सबसे ज्यादा विवाद पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को लेकर ही है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में पिछड़ा वर्ग समाज की आबादी करीब 50 फीसदी के करीब है। इसी वर्ग की संख्या को पुख्ता करने के लिए अलग-अलग राज्य, केंद्र पर दबाव बनाते रहते हैं, क्योंकि राजनीतिक पार्टियां अपने पक्ष में वोटों की गोलबंदी करने के लिए जातिगत पहचान का सहारा सबसे अधिक लेती हैं। इस संबंध में कुछ संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि जातिगत जनगणना होती है तो अब तक की जानकारी में जो आंकड़े हैं, वो ऊपर नीचे होने की पूरी संभावना है। जैसे ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत से घट जाती है तो एक नया विवाद हो सकता है और मान लीजिए यह प्रतिशत बढ़ जाता है, जिसकी पूरी संभावना है तो यह वर्ग यानी ओबीसी और उसके नेता सत्ता और संसाधन में हिस्सेदारी की और मांग करने लगेंगे। यह भी तय है कि जातीय जनगणना में आदिवासियों और दलितों के आकलन में फेरबदल होगा नहीं, क्योंकि वो हर जनगणना में गिने जाते ही हैं, ऐसे में




जातिगत जनगणना में प्रतिशत में बढ़ने घटने की गुंजाइश अपर कास्ट और ओबीसी के लिए ही है। भाजपा की पैठ अभी सवर्ण जातियों में ज्यादा है। आरक्षण का दायरा बढ़ने पर सवर्ण जातियां विरोध करेंगी और सरकार की परेशानी बढ़ेगी। जातिगत जनगणना की मांग करने वाले दलों में समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत दर्जन भर से ज्यादा पार्टियां शामिल हैं। सभी चाहते हैं कि ओबीसी की सही तादाद सामने आए, उसके बाद जरूरी हो तो आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को बढ़ाया जाए, लेकिन इसमें से कोई भी दल यह नहीं कह रहा है कि हिन्दुओं की तरह मुसलमानों में भी विभिन्न जातियों के अलग-अलग आंकड़े जुटाए जाएं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह दल अपने राजनैतिक फायदे के लिए हिन्दुओं के वोट बैंक को तो बिखरता हुआ देखना चाहते हैं, लेकिन मुसलमानों का वोट थोक के भाव चाहते हैं, इसलिए मुसलमानों में एकजुटता बनी रहे, यह इस राजनैतिक दलों की सियासत को काफी सूट करता है। जानकार कहते हैं कि सही जनगणना होने से कोई नुकसान नहीं होगा बल्कि तमाम जातियों के बारे में और उनकी स्थिति के बारे में पता चलेगा और उन्हें उनका आरक्षण, समाज में स्थान और अन्य संसाधनों में पूरा हक मिल सकेगा। बहरहाल, जातीय जनगणना की वकालत करने वाले लोग और नेता कहने को तो यही कहते हैं कि सभी जातियों के उत्थान और उनके वाजिब हक के लिए भी यह जरूरी होता है, लेकिन केंद्र की सत्ता में रहने वाली पार्टी कुछ-न-कुछ बहाना बनाकर हर बार इसे टाल जाती है। जातीय जनगणना को लेकर सबसे ज्यादा सियासत बिहार और उत्तर प्रदेश में देखने को मिलती है। नारा भी बुलंद रहता है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल ऐसी दो बड़ी क्षेत्रीय पार्टी हैं जो लम्बे समय से जातिगत जनगणना की मांग करती रही हैं। इसमें से बिहार सरकार द्वारा जातीय गणना कराये जाने को हरी झंडी भी दे दी गई है। बिहार के जनता दल युनाइटेड-राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार ने जिसके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, ने जातीय गणना का काम सात जनवरी से आरंभ भी कर दिया है। इस गणना का नफा-नुकसान तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन एक बात पक्की है कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की मांग पर आखिरकार अमल हो गया। यानि सीधे सपाट शब्दों में कहें तो जातीय गणना की शुरुआत करा करा आरजेडी ने अपनी पहली रणनीतिक जीत हासिल कर ली है। नीतीश कुमार जब बीजेपी के साथ एनडीए की सरकार में थे तो आरजेडी के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह मांग नीतीश कुमार से की थी। नीतीश कुमार ने उसके बाद एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भेजा था। उधर, आज भले ही बिहार बीजेपी के नेता जातीय गणना की प्रासंगिकता पर अब सवाल खड़ा कर रहे हैं, लेकिन उस वक्त दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के सदस्य भी शामिल थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीजेपी भी इसका विरोध करके किसी जाति को नाराज नहीं करना चाहती है। बिहार, कर्नाटक मॉडल की तर्ज पर सूबे में जातीय गणना को अंजाम देगा। इस महाभियान पर सरकारी खजाने से 500 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे जो 9 महीने के भीतर सूबे की 14 करोड़ की आबादी की जाति, उपजाति, धर्म और संप्रदाय के साथ ही उसकी आर्थिक सामाजिक स्थिति का भी आकलन करेगा। बताते चलें कि भारत में हर दस साल में एक बार जनगणना की जाती है। इससे सरकार को विकास योजनाएं तैयार करने में मदद मिलती है। किस तबके को कितनी हिस्सेदारी मिली, कौन हिस्सेदारी से वंचित रहा, इन सब बातों का पता चलता है, लेकिन इसके आंकड़े एकत्र नहीं किये जाते हैं। तब भी कई नेताओं की मांग रहती थी कि जब देश में जनगणना की जाए तो इस दौरान लोगों से उनकी जाति भी पूछी जाए। इससे हमें देश की आबादी के बारे में तो पता चलेगा ही, साथ ही इस बात की जानकारी भी मिलेगी कि देश में कौन-सी जाति के कितने लोग रहते हैं। सीधे शब्दों में कहें तो जाति के आधार पर लोगों की गणना करना ही जातीय जनगणना होता है। बात पुरानी है। साल 2010 में जब भाजपा सत्ता में नहीं थी। संसद के भीतर भाजपा के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर बड़ी साफगोई के साथ कह रहे थे कि अगर ओबीसी जातियों की गिनती नहीं हुई तो उनको न्याय देने में और इस साल लग जाएंगे। इसके बाद जब भाजपा सत्ता में आई और तय समय के अनुसार दस साल बाद 2021 में जनगणना होनी थी, लेकिन नहीं हुई, तब इसी साल ससंद में भाजपा से एक सवाल किया गया कि 2021 की जनगणना जातियों के हिसाब से होगी या नहीं? नहीं होगी तो क्यों नहीं होगी। सरकार का लिखित जवाब आया। कहा कि सिर्फ एससी, एसटी को ही गिना जाएगा। यानी ओबीसी जातियों को गिनने का कोई प्लान नहीं है। कहने का मतलब ये है कि केंद्र की सत्ता में जो भी पार्टी होती है, वो जातीय जनगणना को लेकर आनाकानी करती ही है। विपक्ष में जब ये पार्टियां होती हैं तो जातिगत जनगणना को मुद्दा बनाती हैं। पता हो कि भारत में आखिरी बार ब्रिटिश शासन के दौरान जाति के आधार पर 1931 में जनगणना हुई थी। इसके बाद 1941 में भी जनगणना हुई लेकिन आंकड़े पेश नहीं किए गए। इसके बाद अगली जनगणना से पहले देश आजाद हो चुका था। यानी अब ये जनगणना 1951 में हुई, लेकिन इस जनगणना में सिर्फ अनुसूचित जातियों और जनजातियों को ही गिना गया। कहने का मतलब ये है कि 1951 में अंग्रेजों की जनगणना नीति में बदलाव कर दिया गया जो कमोबेश अभी तक चल रहा है। इस जनगणना से पहले साल 1950 में संविधान लागू होते ही एससी और एसटी के लिए आरक्षण शुरू कर दिया था, कुछ साल बीते और पिछड़ा वर्ग की तरफसे भी आरक्षण की मांग उठने लगी। ज्ञातव्य है कि आरक्षण के मामले में पिछड़ा वर्ग की परिभाषा कैसी हो, इस वर्ग का उत्थान कैसे हो, इसके लिए कई बार तमाम सरकारों ने विचार भी किया था। 1953 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग बनाया था। काका कालेलकर आयोग ने 1931 की जनगणना को आधार मानकर पिछड़े वर्ग का हिसाब लगाया। हालांकि काका कालेलकर आयोग के सदस्यों में इस बात को लेकर मतभेद था कि गणना जाति के आधार पर हो या आर्थिक आधार पर, इसी वजह से आयोग आगे काम ही नहीं कर पाया। वर्ष 1978 देश में गैर कांग्रेसी जनता पार्टी की सरकार बनी और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। इस सरकार ने बीपी मंडल की अध्यक्षता में एक पिछड़ा आयोग बनाया। लेकिन साल 1980 के दिसंबर तक जब मंडल आयोग ने अपनी रिपोर्ट दी तब तक जनता पार्टी की सरकार जा चुकी थी। मंडल आयोग ने 1931 की जनगणना के आधार पर ही ज्यादा पिछड़ी जातियों की पहचान की। कुल आबादी में 52 फीसदी हिस्सेदारी पिछड़े वर्ग की मानी गई। मंडल आयोग की तरफसे ये भी कहा गया कि पिछड़े वर्ग को सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। हालांकि मंडल आयोग की सिफारिशों पर अगले 9 सालों तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन वर्ष 1990 में कांग्रेस से अलग होकर प्रधानमंत्री बने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने मंडल आयोग की उस सिफारिश को लागू कर दिया, जिसमें पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण की मांग की गई थी। वीपी सिंह के इस फैसले के बाद बवाल हुआ, मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। इसके बाद 1992 में सुप्रीम कोर्ट से विद्वान जज इंद्रा साहनी का ऐतिहासिक फैसले आया। जिसमें आरक्षण को सही माना गया लेकिन अधिकतम लिमिट 50 फीसदी तय कर दी गई। इसके 14 साल बाद 2006 में जब केन्द्र में मनमोहन सिंह की सरकार थी, उनके मानव संसाधन विकास मंत्री अंर्जुन सिंह ने मंडल पार्ट-2 शुरू कर किया और इस मंडल आयोग की एक दूसरी सिफारिश को लागू कर दिया गया जिसमें सरकारी नौकरियों की तरह सरकारी शिक्षण संस्थानों, जैसे यूनिवर्सिटी, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल कॉलेज में भी पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने पर मुहर लग गई। इस बार भी विवाद हुआ लेकिन सरकार अड़ी रही और ये लागू हो गया। इसके चार साल के बाद 2010 में कांग्रेस गठबंधन वाली सरकार के ही शासनकाल में देश में जाति आधारित जनगणना की मांग उठने लगी। लालू प्रसाद यादव, शरद पवार, मुलायम सिंह यादव, गोपी नाथ मुंडे जैसे नेताओं ने खूब जोर लगाकर इसकी मांग उठाई, हालांकि कांग्रेस इसके पक्ष में नहीं थी, लेकिन लालू यादव जैसे अपने सहयोगियों के दबाव में आकर कांग्रेस को जातीय गणना पर विचार करना पड़ा। प्रणव मुखर्जी की अगुआई में एक कमेटी बनी, इसमें जनगणना के पक्ष में सुझाव दिए गए। इस जनगणना का नाम दिया गया सोशियो यानी इकॉनॉमिक एंड कास्ट सेन्सिस। सोशियो को पूरा करने में कांग्रेस ने 4800 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। जिलावार पिछड़ी जातियों को गिना गया और इसका डाटा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को दिया गया। जिसके कई साल बाद तक इस डेटा पर बात नहीं हुई। 2014 में जब सरकार बदली और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब थोड़ी बहुत सुगबुगाहट जरूर हुई और जातीय जनगणना के डेटा के क्लासिफिकेशन के लिए एक एक्सपर्ट ग्रुप बनाया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बजरंग प्रभात शाखा द्वारा खिचड़ी भोज आयोजित किया गया

संवाददाता



तिंदवारी (बांदा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में कस्बे के शिशु मंदिर में बजरंग प्रभात शाखा द्वारा आयोजित नगर के सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज में राष्ट्र की विरासत उसकी पहचान हमारे त्योहारों को विश्व बंधुत्व की भावना से मनाए जाने का आह्वान किया गया। मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बजरंग प्रभात शाखा द्वारा खिचड़ी भोज आयोजित किया गया। जहां समाज के सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर खिचड़ी खाई। इस अवसर पर उपस्थित जिला प्रचारक अनुराग जी ने कहा कि ऐसी परंपराएं आपसी प्रेम और विश्वास को बढ़ावा देती हैं। यही भारतीय संस्कृति की विशेषता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्व की उत्कृष्ट संस्कृति करार देते हुए कहा कि हमारे भारतीय त्योहार और मान्यताएं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं। इस अवसर पर खंड सह संघचालक आसाराम गुप्ता, खंड प्रचारक नवीन जी, खंड कार्यवाह आलोक, नगर मंडल कार्यवाह अमन गुप्ता, आमोद जी, आनंद स्वरूप द्विवेदी, मनोज गुप्ता, अतुल दीक्षित, प्रीतम गुप्ता, आलोक मिश्रा, शोभित गुप्ता, राहुल गुप्ता, हरवंश श्रीवास्तव, अभिलाष गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सद्भावना मैत्री टी 20 मैच में पुलिस इलेविन से चार विकेट से हारा प्रेस क्लब एकादश

## पुलिस महकमे और पत्रकार साथियों ने खिलाडियों का जमकर किया उत्साहवर्धन



संवाददाता, महोबा। पुलिस इलेविन व प्रेस क्लब एकादश के मध्य बडा ही रोमांचक सद्भावना मैत्री टी 20 मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने टॉस कराकर मैच का शुभारम्भ किया। टॉस जीतकर पुलिस इलेविन ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। इस रोमांचक मुकाबले में पुलिस इलेविन ने प्रेस क्लब एकादश को चार विकेट से हराकर विजयश्री हासिल की। कोरोना महामारी के चलते गत दो वर्ष बाद प्रेस क्लब एकादश व पुलिस एलेविन के मध्य रोमांचक टी 20 मुकावला खेला गया। मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह ने टॉस कराकर मैच का शुभारम्भ कराया। पुलिस इलेविन ने टॉस जीतकर पहले गेंदवाजी का फैसला लिया, जो सही साबित हुआ। पुलिस इलेविन ने सधी व धारदार गेदबाजी करते हुये नियमित अंतराल में प्रेस क्लब एकादश के विकट चटकाये। जिसे कारण प्रेस क्लब ने धीमी शुरुआत करते हुये 10 ओवर में चार विकेट खोकर मात्र 23 रन ही बना सकी। इस रोमांचक मुकावले में प्रत्येक चौके छक्के व विकेट पर जमकर इनामों की बौछार होती रही। 10 ओवर के बाद प्रेस क्लब के शानदार बल्लेवाज अभिषेक द्विवेदी व सोनू ने पुलिस इलेविन के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और शानदार शॉट लगाते हुये प्रेस क्लब एकादश के रनों में वृद्धि की।

# ग्राम प्रधान की मुश्किलें कम होने का नहीं ले रहीं नाम

संवाददाता, फर्रुखाबाद। शमशाबाद ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्लू बे हटा की प्रधान की मुश्किलें बढ़ रही हैं। पंचायत सचिव के निलंबन के बाद अब प्रधान राजवती पर शिकंजा कस गया है। जिला अधिकारी ने विकास कार्यों के गोलमाल में जांच में दोषी पाई गई प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है । पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार को लेकर जिला अधिकारी से शिकायत की गई थी। इस पर अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल में पाया गया कि सचिव कपिल देव त्रिपाठी ने अपनी तैनाती की अवधि में 10,49,792 रुपया आहरित किए। इसमें किसी भी प्राक्कलन पर प्रधान और सचिव के हस्ताक्षर नहीं है और एक वाउचर पर तिथि अंकित नहीं है। एमबी पर कार्यारंभ कार्य समाप्ति एमबी की तिथि एमबी करने वाले अधिकारी का नाम अंकित नहीं है। हैंडपंप की पत्रावली में मात्र वचन लगे हैं । इसमें मात्र सामग्री की संख्या और मूल्य अंकित है।

# घर में घुसकर युवक ने की छात्रा से अश्लील हरकत, विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, फर्रुखाबाद। घर में घुसकर एक छात्रा से एक युवक ने अश्लील हरकतें की। यही नहीं पर परिवारी जनों को जान से मारने की धमकी दी। घटना को लेकर तीन के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है 1 गांव निवासी महिला ने इस मामले में बॉर्बी, शीशराम और अवनीश के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री एक विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा है । गांव का बॉर्बी स्कूल जाते समय छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करता है और मोबाइल नंबर मांगता है। यह बात जब बेटी ने घर जाकर बताई तो पिता बबलू के घर जाकर शिकायत करने गए तो वहां पर उसके घर वालों ने राइफल निकाल ली और जान से मारने की धमकी दी। बीते माह बेटी बरामदे में सो रही थी जोर से चिल्ला पड़ी तो घरवाले लोग दौड़ पड़े। बॉबी भाग रहा था। उसे पकड़ने का प्रयास किया गया । बेटी ने इसकी जानकारी दी। पिता को बेटी ने बताया कि उसमें अश्लील हरकत की है । इस मामले में पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार भाटी ने बताया कि जो शिकायत मिली है उसको देखते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसमें जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# गौ रक्षा समिति के द्वारा महुआ गौशाला में गौवंशो को खिचड़ी गुड खिलाकर प्रधान को सम्मानित किया गया

संवाददाता



बांदा। महुआ पावन पर्व मकर सक्रांति के अवसर पर महुआ ब्लॉक की गौशाला का विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तहसील अध्यक्ष नरैनी सोनू करवरिया जी के द्वारा महुआ ब्लॉक की अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें गौ वंश के बचाव हेतु सभी सुविधा व्यवस्था सही संचालित मिली और गौशाला में पूरी समुचित व्यवस्था व गौशाला का सुंदरीकरण देख कर अध्यक्ष सोनू करवरिया जी ने प्रधान और गौशाला की भूरि भूरि प्रशंसा की इसी क्रम में समिति के द्वारा महुआ प्रधान बेटा लाल श्रीवास को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया और गौ वंशों को गुड व खिचड़ी खिलाई गई इस पुनीत कार्य के दौरान महुआ ब्लॉक के वीडीओ संजीव बघेल समेत महुआ ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार द्विवेदी, अनसूचित मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष महुआ प्रधान बेटा लाल श्रीवास समेत गौ रक्षा समिति नरैनी तहसील अध्यक्ष सोनू करवरिया अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे जिसमें उनके साथ में नरैनी अध्यक्ष विपिन विनोद दीक्षित,छोटू व गांव के समस्त गणमान्य व्यक्ति व ग्राम वासी भी उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर्व पर लोगों ने जलाशयों में पहुंचकर आस्था की लगाई डुबकी

संवाददाता

महोबा। मकर संक्रांति पर्व के चलते आम जनमानस ने भक्ति भाव के साथ पर्व को हर्षोल्लास से मनाया बताते चलें कि मकर संक्रांति पर्व पर लोगों ने सुबह से ही शहर के जलाशयों विजय सागर कल्याण सागर कीरत सागर उर्मिल बांध रामकुंड बेला सागर आदि जलाशयों में पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान का स्मरण किया स्नान के उपरांत मंदिरों में तिल के लड्डू शक्कर के घुल्ला आटा आदि खाद्य सामग्री भगवान के श्री चरणों में समर्पित कर अपने परिवार में सुख समृद्धि कायम रखने की भगवानसे प्रार्थना कर मंदिरों में दान किया मकर संक्रांति पर्व पर विजय सागर तथा उर्मिल बांध में मेला भी लगा हुआ है जहां आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की महिलाओं व पुरुषों ने परिवार के साथ पहुंचकर दुकानों से घरेलू उपयोग की सामग्री खरीदी वही बच्चों ने मेले में झूले का आनंद लिया तथा खान-पान की चीजों को खरीद कर लुफ्त उठाया शहर के तहसील चौराहा स्थित हनुमान जी मंदिर पर भक्तों द्वारा खिचड़ी का प्रसाद बाटा जहां आने जाने वाली राहगीरों तथा भक्तों ने प्रसाद को ग्रहण कर जीवन को धन्य बनाया और समाजसेवियों ने भी स्टार लगा कर लोगों को खिचड़ी भोज कराया सिद्ध शक्तिपीठ मां बड़ी चंद्रिका छोटी चंडिका मां विंध्यवासिनी रामकुंड शिव तांडव के अलावा अन्य धार्मिक स्थलों में भक्तों द्वारा पहुंचकर सभी देवी देवताओं पर मकर संक्रांति पर्व में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया।

# जनता त्रस्त क्षेत्रीय पुलिस मस्त, चोर चोरी की घटना को अंजाम देने में व्यस्त

संवाददाता, फर्रुखाबाद। अज्ञात चोरों ने दो नलकुपो को निशाना बनाकर 25 केवीए के दो ट्रांसफार्मर पार कर दिए। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सीमा क्षेत्र के विवाद में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीड़ित नलकूप स्वामी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। पीड़ित नलकूप स्वामी शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम किसरोली निवासी विजय कुमार पुत्र मकरंद सिंह तथा सर्वेश कुमार पुत्र बीरबल जिनके खेत गांव के निकट रेलवे क्रॉसिंग के उस पार स्थित तथा शमशाबाद कायमगंज सीमा क्षेत्र के अंतर्गत है । पीड़ित के अनुसार फसलों की सिंचाई के लिए नलकूप समरसेबल लगाए गए थे। समर सेबिल के संचालन हेतु विद्युत कनेक्शन लिए गए थे। दोनों खेतों में विद्युत विभाग द्वारा 25, 25 केवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए गए थे । बताया गया है कि बीते दिवस की रात अज्ञात चोरों द्वारा लकड़ी के सहारे विद्युत व्यवस्था को अवरुद्ध कर ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए गए।

# सीओ सदर ने जसपुरा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया

संवाददाता



बांदा पैलानी। सीओ सदर गवेन्द्र पाल गौतम थाना पैलानी निरीक्षण के दौरान माल खाना अभिलेखों व हवालात का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सीओ सदर ने रजिस्टर चौक किए। असलहे के रख-रखाव के लिए निर्देश दिए। थाने की बैरिक में साफसफाई को लेकर विशेष ध्यान देने के साथ साथ भोजनालय में खाना बना रहे फालोवर को भी साफ और स्वच्छ तरीके से भोजन बनाने के लिए कहा।थाने में वांछित चल रहे अपराधियों की धरपकड़ को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को भी निदेश दिए। थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा और मधुर व्यवहार किया जाए। प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।सीओ सदर के जाने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# टेम्पो स्टैंड संचालन को लेकर आए दिन हो रहा बवाल

❑ दो गुटों की ओर से कराई जा चुकी है एक दूसरे पर रिपोर्ट, एडीएम बोले जल्द टेंडर प्रक्रिया से कराया जाएगा टेम्पो स्टैंड का संचालन एडीएम

संवाददाता, औरैया। शहर में यमुना रोड पर चड्ढ़ा टाकीज के सामने स्थित ऑटो स्टैंड पालिका प्रशासन की अनदेखी से बवाल का अड्डा बन गया है। आए दिन स्टैंड पर बर्चस्व व वसूली के आरोप को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट होने की घटनाओं के बाद भी पालिका प्रशासन नहीं चेत रहा है। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना होने की संभावना बनी हुई है। शहर में ऑटो, टेंपो, टैक्सी संचालन के लिए स्थाई व्यवस्था न होने पर डीएम के निर्देश के बाद पालिका प्रशासन ने शहर में जगह मुहैया कराई। इसके तहत यमुना रोड पर चड्ढा टाकीज के सामने तालाब की जमीन 4040 वर्ग मीटर, दिबियापुर रोड पर पुराना जूनियर स्कूल पुरानी कलेक्ट्रेट में 304 वर्ग मीटर की जमीन व फफूंद रोड पर नारायण गार्डन गेस्ट हाउस के पास स्थित बंजर भूमि में 2600 वर्ग मीटर की जमीन पर स्टैंड संचालन शुरू कराया गया। इसके लिए पालिका प्रशासन ने स्टैंड संचालन के लिए टेंडर न उठाकर बल्कि अपने स्तर से ही ऑटो टेंपो टैक्सी वर्कर आर्गनाइजेशन (रजि) को15 जून 2022 को पत्र जारी कर तीनों स्टैंड संचालित करने की जिम्मेदारी सौंप दी। इधर शहर में पूर्व में एक अन्य गुट के माध्यम से ऑटो-टेंपो स्टैंडों का संचालन कराया जाता था। अपने हाथों से स्टैंडों का संचालन जाते देख आए दिन बवाल होने शुरु हो गई। दोनों गुटों की ओर से एक-दूसरे पर वसूली, स्टैंड पर जुए खेलते, नशा करते लोगों के वीडियो वायरल किए जाने लगे। कईयों पर दोनों गुटों के लोगों के बीच जमकर खुलेआम मारपीट की भी कई घटनाएं हुईं। जिसमें कई लोग लहूलुहान भी किए। अभी हाल ही में बर्चस्व व वसूली के आरोप के चलते दोनों गुटों के लोगों के बीच हुई मारपीट के बाद एक-दूसरे के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट भी की गई।

# हर्षोल्लास से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

संवाददाता, फर्रुखाबाद। क्षेत्र से हर्षोल्लास के वातावरण में मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। उधर मकर संक्रांति पर्व को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर खिचड़ी भोज का आनंद लिया। कन्याओं को भोज कराकर मुद्रिकाये भी दान की।जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व जिसे समाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। अधिकांश लोग इस पर्व को मनाते हैं। लेकिन इस बार मनाया गया। मकर सक्रांति पर्व को लेकर लोगों में आस्था का सैलाब देखा गया। लोग अपने अपने वाहनों से ढाई घाट शमशाबाद की गंगा नदी पर जाते हुए देखे गए। यहां हंसी खुशी के माहौल में महिलाओं द्वारा ढोलक की थाप पर गंगा मैया के गुणों का गुणगान करते हुए देखा गया। महिलाओं ने नृत्य कर गंगा मैया की महिमा को सराहा । इसी बीच लोगों ने गंगा स्नान कर भगवान सूर्य देव को जलार्द्ध दिया। बाद में घर में तैयार की गयी। पूड़ी , पकवान तथा खिचड़ी भोज, तिल की पट्टी को आम लोगों को उपलब्ध कराई गई। खिचड़ी भोज का आनंद लेने वाले लोगों में बूढ़े, बच्चे, जवान, असहाय , गरीब, बेसहारा हर कोई देखा जा रहा था। जो खिचड़ी भोज खाकर मकर संक्रांति पर्व की अपने व्याख्या करते हुए देखा जा रहा था। उधर ढाई घाट शमशाबाद की गंगा नदी पर और भी तमाम समाजसेवी संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया ।

# सपाइयों ने मनाया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन




संवाददाता, औरैया। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी एवं मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। गरीबोंको कंबल भी विटित किए गए सपा कार्यकर्ताओं ने नगर के श्रीगारिका गेस्ट हाउस, दुर्गा मंदिर तिराह व बेला रोड़ पर मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का 40वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में गरीबों को कंबल का वितरण किया। पूर्व मंत्री विनोद यादव व विधायक रेखा वर्मा ने मिष्ठान का वितरण कराया। रविवार को नगर के श्रीगारिका गेस्ट हाउस कैंपस में मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का 40वां जन्मदिन बिधूना विधायक रेखा वर्मा, माला गुप्ता, रचना सिंह, धनदेवी, पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, जिलाध्यक्ष राजवीर यादव, चुनमुन गुप्ता, धप्पी यादव, लाले सिद्धिकी, सुशील वर्मा, गोलू वर्मा आदि लोगों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। दुर्गा मंदिर पर हिमांशू गुप्ता व बेला स्थित कार्यालय पर संतोष गुप्ता ने केक काटने के बाद एक सैकड़ा से अधिक लोगों को कबंल आदि गर्म कपड़े वितरित किए। विधायक रेखा वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीतियों-नीतियों को गांव-गली तक पहुंचाएं। कार्यकर्ता नगर पंचायत व 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें। पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का ने कहा कि पार्टी मजबूत होगी तो कार्यकर्ता मजबूत होगा।

# किसान की कुएं मे गिरकर हुई मौत, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

संवाददाता, महोबा। जैतपुर ब्लॉक के मुढारी गांव मे शनिवार रात करीब आठ बजे एक 45 वर्षीय किसान की कुएं में गिरने से मौत हो गई । किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया शनिवार रात करीब आठ बजे ग्राम मुढारी निवासी 45 वर्षीय किसान परमलाल रैकवार पुत्र स्वर्गीय गनेशा अपने खेत में बने कुएं से फसल की सिचाई कर रहा था। सिचाई के बाद वह मशीन बंद करने जा रहा था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह कुएं मे जा गिरा ।आसपास के खेतों में कृषि कार्य कर रहे लोगों ने परमलाल को कुएं से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक परमलाल अपने पीछे चार नाबालिक बच्चों को छोड़ गया है । मृतक किसान परमलाल की पत्नी ममता का करुण कुंदन सुनकर लोगों की आखों में आंसू छलक पड़े । ममता पति के साथ बिताए पलों को याद कर चीख-चीख कर रो रही है । और बार बार अचेत हो रही है । होश आने पर नरेन्द्र, जीवन, गोविन्द और खुशबु को देखकर कहती कि बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया ।

# भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार अभियान ने पकड़ा जोर

संवाददाता, महोबा। झांसी इलाहाबाद क्षेत्र शिक्षक एमएलसी निर्वाचन हेतु भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी के प्रचार में भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर वरिष्ठ नेता एकजुट होकर दिनों दिन प्रचार अभियान को रफ्तार देते नजर आ रहे हैं। जिसके तहत संपर्क व बैठकों का दौर जारी है। कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र में शनिवार को चरखारी विधानसभा के चुनाव सहसंयोजक महेंद्र द्विवेदी ने जैतपुर के एस के महाविद्यालय एवं अटल अखंड इंटर कॉलेज में मतदाताओं से सघन संपर्क कर पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी को प्रथम वरीयता का मत देने की अपील कर समर्थन प्राप्त किया। महेंद्र द्विवेदी ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी को सभी वर्ग के मतदाताओं का समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है, और भारी मतों से जीत हासिल होगी। इस मौके पर जगदीश शरण सोनी, महेश प्रसाद पाठक प्राचार्य, महेश तिवारी प्राचार्य व अन्य उपस्थित रहे।

# जी 20 के स्वागत में भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित किया कार्यक्रम

संवाददाता, महोबा। जी 20 के स्वागत मे भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आल्हा चौक पर जिलाध्यक्ष डॉ विभा पुरवार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी जितेन्द्र सेगर, नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा,महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रेखा तिवारी एवं वरिष्ठ कनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नगर के संभ्रांत व्यक्तियों ने सहभागिता की रंगोली एवं प्ले कार्ड के माध्यम से जी-20 का स्वागत किया गया। देश के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है यह प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है भारत एक बार फिर वैश्विक कल्याण लाने में प्रेरणादायक साबित होगा।

# सीएमओ ने पांच माह की अर्शिता को पोलियो की खुराक पिलाकर नियमित टीकाकरण का किया शुभारंभ

संवाददाता





फर्रुखाबाद। टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है यह गर्भवती महिला और उसके होने वाले बच्चे को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखता है यह बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनीन्द्र कुमार ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोलेपुर में पांच माह की अर्शिता को पोलियो की खुराक पिलाते समय कहीं सीएमओ ने बताया कि आज से नगरीय क्षेत्र में भोलेपुर , रकाबगंज, नौलक्खा, साहबगंज, सिविल अस्पताल लिंजीगंज और डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय महिला में प्रतिदिन नियमित टीकाकरण किया जाएगा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रभात वर्मा ने कहा कि किसी कारणवश नगरीय क्षेत्रों का टीकाकरण कम होने की वजह से शासन के निर्देशानुसार प्रतिदिन सभी नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण किया जाएगा स टीकाकरण हमारे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है यह बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है डीआईओ ने बताया कि लोगों के मन अभी भी टीकाकरण के प्रति भ्रांतियां फैली हुई हैं जैसे मेरे बच्चे को बुखार आ जायेगा तो हम कोई भी काम नहीं कर सकेंगे, पोलियो की दवा से बच्चे नामर्द हो जाएंगे इन सभी बातों को भूलकर हमें अपने बच्चे को टीका लगवाना है स यह हमारे बच्चों की सेहत के लिए बहुत जरूरी है स डीआईओ ने बताया कि मगंलवार से लेकर रविवार तक टीके लगेंगे और सोमवार को टीके नहीं लगाए जाएंगे यूएनडीपी से वीसीसीएम मानव शर्मा ने बताया कि आज चले टीकाकरण अभियान के दौरान 28 बच्चों और 7 गर्भवती महिलाओं के टीके लगे स जिसमें से 11 बच्चों के डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल में टीके लगे सबच्चे देश का भविष्य हैं इनके जीवन के साथ खिलवाड़ न कर आईओ लिंजीगंज अक्षय सेंगर ने बताया कि लिंजीगंज में 9 बच्चे, नौलक्खा में 2बच्चे और 3गर्भवती, रकाबगंज में 2बच्चे,2 गर्भवती और साहबगंज नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर 2गर्भवती महिलाओं के टीके लगे इस दौरान भोलेपुर की रहने वाली पांच माह की अर्शिता की मां आकांक्षा ने बताया कि मैंने अपनी बच्ची के पहले भी टीका लगवाया था आज उसको काली खांसी, डिफ्थीरिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस पोलियो और निमोनिया से बचाने के टीके लगाए गए मुझे बताया गया कि बच्चे को बुखार आएगा जो ठीक हो जायेगा बुखार के लिए मुझे दवा भी दी गई इस दौरान डॉ अंशुल चतुर्वेदी,नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक राजीव पाठक,यूनिसेफ से डीएमसी अनुराग दीक्षित सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे ।

# बाइक सवार ने छात्रा के मारी टक्कर , गंभीर

संवाददाता, फर्रुखाबाद। सड़क पार कर रही 8 वर्षीय बालिका को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को परिजनों द्वारा कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम रजलामई निवासी राकेश कुमार की 8 वर्षीय पुत्री तनु शाम के समय ठंडी कुइयां के पास कुछ सामान लेने गई हुई थी। जब वह वापस लौट रही थी। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार अज्ञात ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तनु गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को परिजनों द्वारा कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार देकर लोहिया गंभीर हालत बताकर डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए भेज दिया ।

## प्रोड्यूसर बन कार्तिक आर्यन शुरू करेंगे एक नई पारी, फिल्म शहजादा को बचाने के लिए उठाया कदम



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन का करियर अबतक काफी अच्छा चल रहा है। उन्होंने एक के बाद सुपरहिट फिल्में दी हैं। ऐसे में एक्टर को लगातार बड़े प्रोजेक्ट्स ही हाथ लग रहे हैं। वहीं, इन दिनों कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म शहजादा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्टर के फैंस इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, ये फिल्म अब खतरे में है। साथ ही कार्तिक आर्यन भी फिल्म की वजह से मुश्किल में पड़ सकते हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा पर संकट के बादल मंडराते दिखाई दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस संकट की वजह से कार्तिक को अपनी फीस तक छोड़नी पड़ी है। रिपोर्ट्स की मानें तो, इस फिल्म को डूबने से बचाने के लिए कार्तिक अब प्रोड्यूसर बन गए हैं। जी हां, कार्तिक आर्यन अपने करियर के शुरुआती सालों में ही प्रोड्यूसर बन गए हैं। ये बात यूं तो खुशी की होती लेकिन फिल्म शहजादा मुश्किल में पड़ गई इसलिए कार्तिक को फीस छोड़नी पड़ी और वो प्रोड्यूसर बने। ऐसे में ये बात थोड़ी खटकती- सी सुनाई पड़ रही है। तो चलिए आपको बताते हैं आखिर ऐसा क्या हुआ कि कार्तिक को ये कदम उठाना पड़ा रिपोर्ट की मानें तो, कार्तिक आर्यन का शहजादा फिल्म के लिए प्रोड्यूसर बनना, एक अचानक होने वाले हादसे जैसा है। क्योंकि शहजादा फिल्म को फाइनेंशियल क्राइसिस झेलना पड़ा रहा है। अगर इस वक्त कोई आगे नहीं आता तो फिल्म बंद हो जाती। फइनेंशियल क्राइसिस की वजह से फिल्म के प्रोडक्शन पर भी असर पड़ सकता था। ऐसे में कार्तिक ने ये फैसला लिया। हालांकि फाइनेंशियल क्राइसिस की बात सुनकर जब कार्तिक ने अपनी फीस छोड़ने की बात कही तो प्रोड्यूसर्स को ख्याल आया कि कार्तिक अगर अपनी फीस छोड़ने को तैयार हैं ही तो क्यों ना वो प्रोड्यूसर ही बन जाएं। जिसके बाद कार्तिक ने भी इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया। लेकिन करियर के शुरुआत में प्रोड्यूसर बनना कार्तिक के लिए अब नुकसान दायक भी हो सकता है।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

## हट जाओ.... वरना', पैपराजी पर भड़की तापसी पन्नू, यूजर्स ने कहा- किस बाद का इतना घमंड...


**ऐसे में तापसी पन्नू का एक बार फिर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा है। जिसमे एक्ट्रेस पैपराजी के साथ उलझती हुई नजर आ रही है। दरअसल हाल ही में एक्ट्रेस को एक जगह स्पॉट की गईं थीं और जहां पैपराजी उनके आसपास नजर आ रहे हैं। तापसी पन्नू ने कार में जाने से पहले कहा है कि.. हट जाओ वरना लग जाएगी, फिर बोलोगे एक्टर की वजह से लग गई.......**

बॉलीवुड की बोल्ड और बेबाक एक्ट्रेस कही जाने वाली तापसी पन्नू एक बार फिर से सुर्खियों में आ गयी हैं। दरअसल तापसी आए दिन मीडिया के सामने ऐसी हरकते कर देती है जिसके कारण यूजर्स एक्ट्रेस को खूब ट्रोल करते हुए दिखाई देते हैं। ऐसे में तापसी पन्नू का एक बार फिर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा है। जिसमे एक्ट्रेस पैपराजी के साथ उलझती हुई नजर आ रही है। दरअसल हाल ही में एक्ट्रेस को एक जगह स्पॉट की गईं थीं और जहां पैपराजी उनके आसपास नजर आ रहे हैं। तापसी पन्नू ने कार में जाने से पहले कहा है कि.. हट जाओ वरना लग जाएगी, फिर बोलोगे एक्टर की वजह से लग गई। इसके बाद पैपराजी ने भी जवाब देते हुए कहा, नहीं मैडम, हम ऐसे नहीं है। तापसी पन्नू का ये वीडियो इसके बाद काफी तेजी से वायरल हो रहा है और लोग उनको ट्रोल कर रहे हैं। एक्ट्रेस को ट्रोल करते हुए अब यूजर्स इसपर जमकर कमेंट करते हुए नजर भी आ रहे हैं। जहां एक्ट्रेस को ट्रोल कर एक यूजर ने लिखा है की ये हमेशा चिढ़ी चिढ़ी क्यों रहती है। एक यूजर ने कहा कि, ये दूसरी जया बच्चन है। जबकि एक ने पूछा.. इसको किस बाद का इतना घमंड रहता है। बता दें कि तापसी पन्नू इस दौरान हाथ में कुछ सामान लिए नजर आ रहीं हैं और दो झोलों के साथ दिख रही हैं। हालांकि ट्रोलर्स के इस तरह ट्रोल करने पर भी तापसी पन्नू का इसपर अभी कोई भी रिएक्शन सामने नहीं आया हैं। वैसे तो इस बात में कोई शक नहीं है की तापसी काफी ही दमदार एक्ट्रेस हैं। वही तापसी के फैंस को ये भी पता है की एक्ट्रेस इंडस्ट्री में सिर्फ अपनी पसंद के ही जॉनर की फिल्में करती हैं। जहां एक्ट्रेस की अधिकांश फिल्मे क्राइम और थ्रिलर पर आधारित रहती हैं। वही तापसी की हाल ही में ब्लर रिलीज हुई थी। जिसे दर्शको का कुछ अच्छा रिस्पांस मिलते हुए नहीं दिखाई दिया था। हालांकि फिल्म की स्टोरी काफी ही ज्यादा रोमांचक हैं।





## सामंथा ने खो दी अपने चेहरे की चमक सुनते ही भड़क गए वरुण धवन, ट्रोल करने वाले की लगाई क्लास



सोशल मीडिया ने फैंस और एक्टर्स के बीच की दूरी को कम करने का काम किया है। इसके जरिए अब फैंस अपने पसंदीदा स्टार के बारे में ज्यादा से ज्यादा जान पाते हैं और स्टार्स भी अपने फैंस से रूबरू हो पाते हैं। हालांकि सोशल मीडिया के जितने फायदे है उतने ही इसके नुकसान भी है। सोशल मीडिया के जरिए लोग एक्टर्स के करीब आ रहे है, वहीं कुछ लोग इसका यूज एक्टर्स को ट्रोल करने के लिए भी कर रहे हैं। सोशल मीडिया का सबसे बड़ा नुकसान ट्रोलिंग है। आए दिन स्टार्स अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर ट्रोलिंग का शिकार होते दिखाई पड़ते हैं। वैसे तो ज्यादातर सेलेब्स इन ट्रोलर्स को इग्नोर ही करते है मगर जब बात हद से ज्यादा बढ़ जाती है तो एक्टर्स ट्रोलर्स की बोलती बंद करने में भी पीछे नहीं हटते हैं। हाल ही में वरुण धवन ने भी एक ट्रोल को करारा जवाब दिया है। खास बात ये है कि सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन को नहीं बल्कि फेमस साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु को ट्रोल किया जा रहा था। ऐसे में वरुण धवन एक्ट्रे के सपोर्ट में आए है और उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रोल को मुंह तोड़ जवाब दिया है जिसे लेकर एक्टर की चर्चा में आए गए हैं। साउथ एक्ट्रेस के सपोर्ट में आने पर फैंस वरुण की खूब सराहना कर रहे हैं। इस पर वरुण धवन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्टर ने समांथा का समर्थन करते हुए उस ट्रोल को जवाब देते हुए ट्वीट कर लिखा, आप किसी भी चीज के बारे में बुरा महसूस नहीं करते हैं। तुम्हें बस लोगों को गिराकर अपनी ओर सबका ध्यान खींचना आता है। बेटा... आपके लिए खराब लग रहा है। ग्लो तो इंस्टाग्राम फिल्टर्स में भी मौजूद है। अभी सैम से मुलाकात हुई, मेरा यकीन मानो वह काफी ग्लोइंग हैं।बता दें कि हाल ही में सामंथा रुथ प्रभु को उनके चेहरे के ग्लो के लिए ट्विटर पर ट्रोल किया गया था। एक पोस्टर शेयर कर इसमें लिखा गया कि अपनी ऑटोइम्यून बीमारी मायोजिटिस के कारण सामंथा ने अपने चेहरे का सारा आकर्षण खो दिया है। यूजर ने लिखा, श्सामंथा के लिए बुरा लगता है। उन्होंने अपना सारा आकर्षण और ग्लो खो दिया है। जब सभी ने सोचा कि सामंथा तलाक से मजबूती से बाहर आ गई हैं और उनका करियर नई ऊंचाइयों पर जा रहा है, तभी मायोजिटिस ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया है। इसने उन्हें फिर से कमजोर बना दिया है।



››› बॉलीवुड ‹‹‹

## इस वजह से फिल्मों से दूर होते जा रहे है जॉनी लीवर, कॉमेडियन ने कहा- इंडस्ट्री में कुछ इनसिक्योर एक्टर्स हैं...

बॉलीवुड के बेस्ट कॉमेडियन कहे जाने वाले जॉनी लीवर इन दिनों फिल्मों से काफी दूर दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है की जॉनी लीवर की कॉमेडी की एक टाइम पर लाखों की संख्या में लोग फैन हुआ करते थे। यहां तक कि पहले के फिल्मों में अधिकांश कॉमेडी के सीन्स जॉनी लीवर के ही रहते हैं। लेकिन अब जॉनी लीवर काफी समय से कॉमेडी से दूर दिख रहे है। वही इसके पीछे की वजह खुद अब जॉनी लीवर ने ही बता दिया हैं। दरअसल जॉनी लीवर कुछ समय से फिल्मों से गायब नजर आ रहे हैं। और अगर दिखते भी हैं तो इनकी कॉमेडी कुछ खास दिल को जमती दिखती नहीं है। हाल ही में एक इंटरव्यू में जॉनी लीवर ने इसके पीछे की वजह बताई। एक्टर ने कहा कि इंडस्ट्री में कुछ इनसिक्योर एक्टर्स हैं जो खुद से फिल्मों में कॉमिक सीन्स करना चाहते हैं। ऐसी किसी भी स्थिति में जॉनी फंसना नहीं चाहते, जहां उन्हें एंड टाइम पर फिल्म से वॉक आउट करना पड़े। वैसे भी आजकल की फिल्मों में कॉमिक सीन्स न के बराबर ही नजर आते हैं। ऐसा हमारा नहीं, बल्कि जॉनी लीवर का कहना है। दरअसल एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में जॉनी लीवर ने कहा, ष्मैं अब काम को इसलिए मना करने लगा हूं, क्योंकि आजकल की स्क्रिप्ट्स में वह दम है ही नहीं जो पहले हुआ करता था। अगर आप बाजीगर की बात करें तो फिल्म का कोई राइटर नहीं था। मैं अकेला था। मैं खुद ही फिल्म में उन सारे पंचेज के साथ सामने आया था जो आपने देखे थे और जिनपर आप ठहाके लगाकर हंसे भी थे। वो दिन भी क्या दिन थे। हम सभी अपने काम में बहुत मेहनत करते थे। लेकिन आजकल, हमारी इंडस्ट्री में कोई भी अच्छा कॉमेडी राइटर नहीं है। लोग कहते हैं कि जॉनी भाई खुद संभाल लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। आज के काम में आपको ब्लूप्रिंट की जरूरत होती है। चीजें अब पहली जैसी नहीं रही हैं। ऑडियन्स भी अब पूरी तरह बदल चुकी है।



## फैन को भारी पड़ी साउथ स्टार अजीत कुमार की दीवानगी



साउथ एक्टर्स को वहां पर फैंस भगवान से कम नहीं मानते हैं। अपने पसंदीदा स्टार की फिल्म को लेकर फैंस के बीच अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। ऐसा ही कुछ इस बार भी देखने को मिला। साउथ एक्टर अजीत की फिल्म थुनिवु की रिलीज का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म जैसे ही रिलीज हुई उसे देखने के लिए थियेटरों के बाहर फैंस का जमावड़ा लग गया। इतना ही फैंस अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म को लेकर इतने खुश थे कि उन्होंने सिनेमाघरों के बाहर ही जश्न मनाना शुरु कर दिया। मगर जश्न के माहौल से एक दुखभरी खबर सामने आई है। दरअसल, अजीत की फिल्म थुनिवु के साथ साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म वरिसु भी रिलीज हुई थी। ऐसे में दोनों स्टार्स की फिल्मों को देखने के लिए उनके फैंस भारी संख्या में थियेटर पहुंचे थे। इस दौरान दोनों के फैंस ने मूवी हॉल के बाहर ही डांस करना और पटाखे फोड़कर फिल्म की रिलीज का जश्न मनाना शुरु कर दिया। मगर ये जश्न उस समय मातम में बदल गया है जब इस दौरान अजीत के एक फैन की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेन्नई के पूनमल्ली हाइवे के पास रोहिणी थिएटर में एक्टर अजीत की फिल्म देखने पहुंचे उनके एक फैन की मौत हो गई है। पुलिस ने जानकारी दी कि भरत कुमार नाम का शख्स अजीत कुमार की फिल्म थुनिवु देखने के लिए इतना ज्यादा एक्साइटेड था कि वो चलती लॉरी से कूद गया। उस वक्त लॉरी की स्पीड कम थी मगर अचानक कूदने पर भरत को काफी चोट आई थी जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। इस मामले में आगे बताते हुए पुलिस ने कहा कि अजीत कुमार का फैन भरत देर रात 1 बजे का शो देखने आया था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि 8 साल के बाद अजीत कुमार की फिल्म थुनिवु 11 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

# ग्राहम रीड ने कहा कि इंग्लैंड स्पेन से अधिक कठिन होगा



एजेंसी, मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि इंग्लैंड की टीम स्पेन की तुलना में मुश्किल प्रतिद्वंद्वी होगी जिसे भारत ने एफआईएच विश्व कप के शुरूआती मैच में 2-0 से हराया था और घरेलू टीम रविवार को दूसरे ग्रुप मैच में कोई कमी नहीं छोड़ सकती। भारत की जीत में स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास और मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने गोल दागे। पांचवीं रैंकिंग की इंग्लैंड के खिलाफ जीत से भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जायेगा क्योंकि पूल डी के अंतिम मैच में वेल्स को हराना मुश्किल नहीं होगा। भारत विश्व रैंकिंग में छठे और वेल्स 15वें स्थान पर है। रीड ने कहा, ''हम अगले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ होंगे और यह मुकाबला मुश्किल होगा क्योंकि उनकी टीम हमसे ऊंची रैंकिंग पर है। हम जानते हैं कि राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड की टीम कितनी मुश्किल होती है।'' रीड ने कहा, ''इसलिये हम (स्पेन के मैच के) इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। हमने स्पेन के खिलाफडिफेंस में काफी अच्छा प्रदर्शन किया, हमें इसे जारी रखना होगा।'' कप्तान हरमनप्रीत सिंह भी इससे सहमत थे कि इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत होगी और घरेलू टीम को उन्हें हराने के लिये अपनी सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलनी होगी। उन्होंने कहा, ''हम एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगा रहे हैं।

स्पेन के खिलाफमैच हो चुका है और हमारा ध्यान इंग्लैंड पर है और हम इसके लिये योजना बना रहे हैं।'' हरमनप्रीत ने कहा, ''पेनल्टी कॉर्नर हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण है और हम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर बेहतर कर सकते हैं। हम इसमें बेहतर करने की उम्मीद लगाये हैं।'' हालांकि यह ड्रैग फ्लिकर स्पेन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सका। उन्होंने कहा, '' एक बार फिर हमें टीम प्रयास की जरूरत होगी। जो खिलाड़ी किसी दिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये, हमें उनके प्रदर्शन की भी भरपायी करनी होगी।'' रोहिदास ने राउरकेला में पंपोश स्पोर्ट्स होस्टल से ही हॉकी सीखना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि मैदान पर टीम की योजना के हिसाब से खेलना ही मैच जीतने के लिये अहम होगा। उन्होंने कहा, ''मैंने यहां हॉकी खेलना शुरू किया था और घरेलू मैदान पर खेलना काफी शानदार अहसास है। दर्शकों से हमें जो समर्थन मिला, उससे हमारा काफी मनोबल बढ़ा लेकिन एक बार हम पिच पर होते हैं तो मैच पर ध्यान लगाने की कोशिश करते हैं।'' रोहिदास ने कहा, ''यह टीम का प्रयास है और टीम की बदौलत ही मुझे घरेलू दर्शकों के सामने गोल करने का मौका मिला। मेरे परिवार के सदस्य भी इनमें शामिल थे। हम दबाव में नहीं हैं और हमारी सफलता के लिये मैदान पर टीम की योजना के हिसाब से खेलना ही अहम होगा।

# पॉवेल के हरफनमौला खेल से दुबई कैपिटल्स ने अबुधाबी नाइट राइडर्स को 73 रन से रौंदा



एजेंसी, कप्तान रोवमैन पॉवेल के हरफनमौला खेल और रॉबिन उथप्पा की सूझबूझ भरी पारी से दुबई कैपिटल्स ने इंटरनेशनल लीग (आईटीएल) टी20 टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में यहां अबुधाबी नाइट राइडर्स को 73 रन के बड़े अंतर से हराकर शानदार आगाज किया। मैन ऑफद मैच पॉवेल ने 29 गेंद की आक्रामक पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके की मदद से 48 रन बनाये। भारत के पूर्व बल्लेबाज उथप्पा ने पारी का आगाज करते हुए 33 गेंद में दो छक्के और तीन चौके जड़ 43 रन की उपयोगी पारी खेली। आखिरी ओवरों में रवि बोपारा (तीन गेंद में नाबाद 11 रन) और इसुरू उदाना (चार गेंद में नाबाद 12) रन की तेज बल्लेबाजी से टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 187 रन बनाने के बाद अबुधाबी नाइट राइडर्स को नौ विकेट पर 114 रन पर रोक दिया। अबुधाबी के लिए पॉल स्टर्लिंग ने 54 रन की पारी खेली लेकिन टीम के सिर्फदो ही बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन बना पाये। आयरलैंड के इस खिलाड़ी ने 38 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये। पॉवेल के अलावा दुबई की टीम के लिए अकीफराजा और मुजीब उर रहमान ने दो-दो जबकि उदाना, हजरत लुकमान और सिकंदर रजा ने एक-एक सफलता हासिल की। अबुधाबी की टीम के लिए रवि रामपॉल ने 36 रन देकर दो जबकि अली खान ने 45 रन देकर दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते समय बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की सह-स्वामित्व वालीअबुधाबी नाइट राइडर्स 10वें ओवर में दो विकेट पर 71 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेटों के पतन के कारण टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गयी। इस दौरान आंद्रे रसेल (12)और सुनील नारायण (चार)जैसे आक्रामक बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। इससे पहले पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मुश्किल पिच पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट (26) और उथप्पा ने दुबई कैपिटल्स को सुधी हुई शुरुआत दिलायी। रूट ने चौथे ओवर में अकील हुसैन के खिलाफ चौका और दो छक्के जड़े। वह हालांकि पावर प्ले के आखिरी ओवर में अली खान की गेंद पर आउट हो गये। उन्होंने पहले विकेट के लिए उथप्पा के साथ 35 रन की साझेदारी की। दूसरे छोर से अब तक संभल कर खेल रहे भारत के पूर्व बल्लेबाज उथप्पा ने इसी ओवर में छक्के के साथ अपना हाथ खोला। उथप्पा ने 12वें ओवर में कप्तान सुनील (28 रन पर एक विकेट) की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गये। पॉवेल ने क्रीज पर आते ही अली के ओवर दो छक्के और चौका जड़ा। उन्होंने 17वें ओवर में रामपॉल के खिलाफ भी चौका और छक्का लगाकर रन गति को तेज किया लेकिन एक और बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में वह कोलिन इनग्राम को कैच थमा बैठे। उन्होंने जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (26) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 रन जोड़े। रजा ने पारी के 18वें रसेल के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा जिससे टीम ने 150 रन के आंकड़े को पार किया।वह अगली गेंद पर रसेल को कैच थमा कर पवेलियन लौटे। यूसुफपठान पांच गेंद की पारी में छह रन का ही योगदान दे सके। उदाना ने आखिरी ओवर में अली के खिलाफलगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाया तो वही रवि बोपारा ने भी छक्का जड़ टीम के स्कोर को 187 तक पहुंचाया।

# भारत दौरे से बाहर किये जाने के बाद टेस्ट करियर पर फैसला करने का विचार कर रहे जंपा

मैचों की श्रृंखला के लिये अनदेखी किये जाने के बाद काफी निराश हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें लाल गेंद के करियर में सुधार के बजाय अन्य प्रारूपों पर ध्यान लगाना चाहिए। जंपा ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, ''मैं बहुत निराश हूं, मैं इस दौरे के लिये टीम में होना पसंद करता। मुझे लगा कि मैं जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़ रहा हूं, यह (विशेषकर) मेरे लिये टेस्ट क्रिकेट का शानदार मौका होता।'' उन्होंने कहा, ''छह हफ्ते पहले मुझे संदेश मिला था कि यह मेरे लिये बहुत अच्छा मौका होने वाला था और मैं संभवतरू इस दौरे पर हो सकता हूं लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं इससे निराश हूं और अब इससे इतर करने का समय आ गया है।'' जंपा ने कहा, ''मैं इस दौरे पर शामिल होने के लिये काफी उत्साहित था और संदेश था कि मेरी गेंदबाजी वहां उपयोगी साबित हो सकती है। लेकिन शायद अंतिम क्षण में मन बदल गया।'' जंपा ने कहा कि उन्हें अभी अपने टेस्ट करियर पर फैसला करना है क्योंकि उनकी प्राथमिकता अब भी भारत में इस साल के अंत में होने वाला वनडे विश्व कप और अगले साल होने वाला टी20 विश्व कप है। इस 30 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''मैं लाल गेंद के क्रिकेट के लिये पूरी तरह दरवाजा बंद नहीं करने जा रहा।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन जीवन संतुलन का ही नाम है।



# फ्लावर ने कहा कि राहुल एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे



एजेंसी, इंडियन प्रीमियर लीग की टीम लखनऊ सुपरजायंट्स के कोच एंडी फ्लावर का मानना है कि लोकेश राहुल भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतरीन कप्तान हो सकते हैं। राहुल ने सात वनडे, 3 टेस्ट और एक टी20 में भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। कुछ समय पहले तक उन्हें तीनों प्रारूप में टीम का नेतृत्व करने के मामले में रोहित शर्मा का उत्तराधिकारी समझा जा रहा था। लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में पुरानी शैली की बल्लेबाजी के कारण वह भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर है। इसके साथ ही आईपीएल में चैंपियन बनने के बाद हार्दिक पांड्या सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत के कप्तान बनने के सबसे मजबूत दावेदार है। वह रोहित शर्मा और विराट कोहली और राहुल के गैरमौजूदगी वाली भारतीय टी20 टीम का पहले से ही नेतृत्व कर रहे है। फ्लावर वर्तमान में गल्फजायंट्स टीम को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इंटरनेशनल लीग टी20 में अडानी स्पोर्ट लाइन की इस फ्रेंचाइजी टीम के कोच को अपने आईपीएल कप्तान से काफी उम्मीदें हैं। फ्लावर ने शनिवार को यहां कहा कि राहुल के पास शानदार बल्लेबाजी कौशल है और वह बेहतरीन तरीके से टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। फ्लावर ने कहा, केएल (राहुल) एक शानदार बल्लेबाज है। मुझे उसे बल्लेबाजी करते हुए देखना अच्छा लगता है। मैं पहली बार उससे तब मिला जब मैं इंग्लैंड लायंस को कोचिंग दे रहा था, हम त्रिवेंद्रम में भारत ए के खिलाफखेल रहे थे। मैं उसी समय से राहुल पर नजर रख रहा हूं।'' इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने राहुल की कप्तानी कौशल की प्रशंसा की और कहा, वह कमाल का युवा खिलाड़ी है और वास्तव में अच्छा नेतृत्वकर्ता भी हैं, वह बहुत शांत रहता है। मैं उसके साथ काम करने का लुत्फ उठाता हूं।

कप्तान के तौर पर हार्दिक के उभरने के बारे में पूछे जाने पर फ्लावर ने कहा, मेरा मानना है कि राहुल अच्छा कप्तान साबित होगा। मैं दूसरे खिलाड़ियों के बारे में बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता, इसलिए उस पर कुछ टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा।'' उन्होंने राहुल को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं भी दी। राहुल अपनी गर्लफ्रेंड बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। फ्लॉवर विभिन्न देशों में लीग टीमों को कोचिंग दे रहे है और उन्होंने कहा कि वह फ्रेंचाइजी टीमों के साथ अपनी भूमिका का लुत्फउठा रहे है। बाएं हाथ के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, फिलहाल मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट के कारण साल भर काफी व्यस्त रहता हूं। मैं वास्तव में एक टीम से दूसरी टीम से जुड़ने की चुनौती का लुत्फ उठा रहा हूं। मुझे टीम की जरूरत के हिसाब से अपनी कोचिंग शैली में बदलाव करना होता है। मुझे विभिन्न टीमों के साथ अलग - अलग देशों की संस्कृति का अनुभव करने का मौका मिलता है।



# हिमाचल के रणजी ट्राफी खिलाड़ी तेज गेंदबाज सिद्धार्थ शर्मा का गुजरात के वडोदरा में निधन

## सांस लेने में तकलीफ के चलते अस्पताल में थे भर्ती

एजेंसी, वडोदरा। हिमाचल प्रदेश के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ शर्मा का 28 साल की उम्र में निधन हो गया है। शर्मा का वडोदरा में निधन हो गया, जहां वह सांस लेने में तकलीफ के कारण करीब दो सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनका अंतिम संस्कार पंजाब के नंगल में किया गया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ट्विटर पर उनके निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा- हिमाचल की विजय हजारे ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य और स्टार गेंदबाज सिद्धार्थ शर्मा के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और प्रियजनों को इस महान क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।' ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, गेंदबाज हिमाचल के ऊना का निवासी था और 3 जनवरी से 6 जनवरी तक बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए गुजरात गया था। 31 दिसंबर को अभ्यास सत्र के दौरान उन्होंने सांस लेने में तकलीफकी शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें उसी दिन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हिमाचल के स्पिनर मयंक डागर ने कहा कि गेंदबाज वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। डागर ने बताया, 'तीन जनवरी से छह जनवरी तक हम बड़ौदा के खिलाफ खेले, लेकिन हम सभी ने मैच के दौरान भी सिद्धार्थ की सेहत पर ध्यान दिया।' 'हम नियमित रूप से अस्पताल में उनसे मिलने गए, लेकिन हमें उन्हें बड़ौदा में अकेला छोड़कर अगले मैच के लिए (ओडिशा के खिलाफ नादौन में 10 से 13 जनवरी तक) जाना पड़ा। उनकी सांस लेने की समस्या लगातार बिगड़ती जा रही थी, जिसके बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। डागर ने कहा, 'हम सभी उनके निधन से बहुत दुखी हैं। सिद्धार्थ हमारी टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे और सभी के साथ अच्छी तरह से जुड़े हुए थे। सिद्धार्थ ने अपनी वरिष्ठ टीम की शुरुआत रणजी ट्रॉफी में नवंबर 2017 में बंगाल के खिलाफकी थी। उन्होंने 6 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच, 6 लिस्ट-ए मैच और एक टी20 मैच खेला था। वह हिमाचल की विजय हजारे ट्रॉफी 2021-22 की विजेता टीम का हिस्सा थे और उनके लिए तीन मैच खेले, जिसमें तमिलनाडु के खिलाफफाइनल भी शामिल था, जिसमें उन्होंने दस ओवरों में 1/34 विकेट लिए।



# मुंबई इंडियन्स अमीरात ने हरफनमौला खेल के दम पर शारजाह वॉरियर्स को हराया

एजेंसी, अबु धाबी। मोहम्मद वसीम की 71 रन की आक्रामक पारी के साथ वेस्टइंडीज की निकोलस पूरन, कीरोन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो की तिकड़ी की तेज तर्रार बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियन्स अमीरात ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) में शनिवार को यहां शारजाह वॉरियर्स को 49 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। मुंबई इंडियन्स अमीरात ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 204 रन का स्कोर खड़ा करने के बाद शारजाह वॉरियर्स को नौ विकेट पर 155रन पर रोक दिया। मुंबई इंडियन्स अमीरात के स्थानीय खिलाड़ी वसीम ने पारी का आगाज करते हुए 39 गेंद में पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े। पूरन ने 30 गेंद में चार छक्के और दो चौके की मदद से 49 जबकि कप्तान पोलार्ड ने 13 गेंद में नाबाद 22 और ब्रावो ने 10 गेंद में नाबाद 20 रन का योगदान दिया। ब्रावो और पोलार्ड ने छठे विकेट के लिए 41 रन की अटूट साझेदारी की। शारजाह की टीम के लिए क्रिस वोक्स और जुनैद सिद्दीकी ने दो-दो जबकि मोहम्मद नबी ने एक विकेट लिए। नबी ने हालांकि चार ओवर में 50 रन खर्च किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शारजाह की टीम को दूसरे ओवर में ही फजल हक फारुखी (27 रन पर दो विकेट) ने लगातार गेंदों पर एविन लुईस और डेविड मलान का विकेट चटकाया। दोनों खिलाड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज ने इसके बाद कप्तान मोईन अली के साथ मिल कर टीम के स्कोर को 50 के पार पहुंचाया लेकिन ब्रावो ने आठवें ओवर में मोईन और 10वें ओवर में गुरबाज का विकेट चटकाकर शारजाह की मुश्किलें बढ़ा दी। गुरबाज ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 47 रन बनाए जबकि मोईन 15 गेंद में 16 रन का ही योगदान दे सके। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी इमरान ताहिर ने इसके बाद तीन विकेट झटक कर मैच पर पूरी तरह से मुंबई इंडियन्स अमीरात का दबदबा बना दिया। उन्होंने टॉम कोहलर काडमोर (10), जो डेनली (नौ) और मोहम्मद नबी (तीन) को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। इंग्लैंड के हरफनमौला वोक्स ने इसके बाद 29 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाये लेकिन टीम के हार का अंतर ही कम हो सका। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद वसीम ने पारी के दूसरे ओवर में नवीन उल हक के खिलाफ लगातार दो चौके जड़ आक्रामक तेवर दिखाये। वोक्स ने इस दौरान तीसरे ओवर में विल स्मीद को पवेलियन की राह दिखाकर शारजाह को पहली सफलता दिलाई पावर प्ले के आखिरी ओवर में जुनैद सिद्दीकी के खिलाफ आंद्रे फ्लेचर (22) ने हैट्रिक चौका लगाया और फिर सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये कार्तिक मेयप्पन पर वसीम ने दो छक्के जड़े। वोक्स ने नौवें ओवर में विकेटकीपर गुरबाज के हाथोंफ्लेचर को आउट कर वसीम के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 रन की उनकी साझेदारी को तोड़ा।10 ओवर के बाद मुंबई इंडियन्स अमीरात का स्कोर दो विकेट पर 79 रन था। इसके बाद वसीम और पूरन से लगातार अंतराल पर गेंद को सीमा रेखा के पार भेजते हुए तेजी से बल्लेबाजी की। 11वें ओवर में नबी और 13वें ओवर में मोईन के खिलाफ18 रन बने। वसीम ने 15वें ओवर में नबी के खिलाफचौका और छक्का लगाया लेकिन तीसरी गेंद पर आउट हो गये। पारी के 17 ओवर में जुनैद के खिलाफछक्का जड़ने के बाद पूरन ने भी पवेलियन की राह पकड़ ली। वसीम और पूरन ने तीसरे विकेट लिए 79 रन की आक्रामक साझेदारी की। ब्रावो ने 19वें ओवर में नवीन उल हक के खिलाफहैट्रिक चौका लगाया तो वही पोलार्ड ने नबी के खिलाफछक्का और चौका लगाया। ब्रावो ने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया।



# मेथी के दानें बढ़ा सकते हैं बालों की ग्रोथ, कम होगा हेयर फॉल, जानें उपयोग का तरीका





प्रोटीन और आयरन से भरपूर मेथी दाना बहुत सी बीमारियों के घरेलू इलाज में काम आता है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल, डायबिटीज, डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए मेथी दाना का इस्तेमाल किया जाता है। एक रिसर्च के मुताबिक मेथीदाना बालों की ग्रोथ और हेयरफॉल में मददगार है। इसका प्रयोग बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाता है मेथी के दानें बालों के इन्फेक्शन्स और स्कैल्प एलर्जी से बचाव करने में फायदेमंद हैं। यह बालों से जुड़ी अन्य बहुत सी समस्याओं को दूर करते है। एक रिसर्च में साबित हुआ है मेथी के दानों का नियमित सेवन बाल गिरने की समस्या, कमजोर बालों और डैंड्रफकी परेशानी को दूर करने में असरदार है। मेथीदाना आपके बालों की जड़ों को स्ट्रांग बनाकर नए बालों को उगाने में सहायक है। यह बालों की चमक बढाकर बालों को सिल्की बनाने में हेल्प करता है। आइये जानते है मेथी दाना बालों को स्ट्रांग और सिल्की बनाने के लिए कैसे प्रयोग कर सकते हैं–

**मेथी दाना हेयर स्प्रे**

100 ग्राम मेथीदाना रात भर एक कप पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को छानकर किसी स्प्रे बॉटल में भर कर रख लें। इस पानी को बालों पर लगाएं। चार–पांच घंटे तक लगा रहने दें फिर साफ पानी धो दें। यह आपके बालों की चमक बढ़ाने के साथ ही बालों की ग्रोथ में इजाफा करेगा।

**आहार में मेथीदाना**

रोजाना 50 ग्राम मेथीदाना को आहार में शामिल करने से बालों की सभी समस्याओं छुटकारा पाया जा सकता है। मेथीदानों को भोजन में सलाद के रूप में, मसालों के तौर पर और पाउडर के रूप में लिया जा सकता है। मेथी को रात भर भिगोकर रख दें और सुबह मेथी के दानें चबाकर खाएं और इसका पानी पी लें।

**हेयर फॉल के लिए मेथीदाना हेयर पैक**

100 ग्राम मेथी दाना एक कटोरी पानी में रात भर के लिए भीगा कर रखें। सुबह इसमें करी पत्ता और गुड़हल के फूल की पत्तियां मिलाकर उबाल लें। अब इसको पीस कर पेस्ट बना लें इस पेस्ट को स्कैल्प और बालों पर लगाएं। घंटे भर तक लगा रहने दें फिर शैम्पू कर लें। यह हेयर पैक सप्ताह में एक दिन लगाएं। यह हेयर फॉल में फायदेमंद है।

**हेयर ग्रोथ और चमक के लिए मेथीदाना हेयर मास्क**

50 ग्राम मेथीदाना रात भर पानी में भीगा कर रखें। सुबह इसे पीस कर पेस्ट बना लें। अब इसमें एक चम्मच कोकोनट मिल्क मिक्स करें। इस मास्क को स्कैल्प पर लगाएं और मसाज करें। 10 मिनट तक मसाज करने के बाद इसे 20 मिनट के लिए स्कैल्प पर लगा रहने दें। फिर शैम्पू कर लें, यह पैक हफ्ते में एक या दो बार लगा सकते हैं।

**मेथी बालों के लिए कैसे है फायदेमंद**

– मेथी में प्रोटीन, निकोटिनिक एसिड पाया जाता है जो बालों को नरिश करता है।

– मेथी में लिसिथिन नामक फैट होता है जो बालों को मजबूती देता है।

– मेथी में एंटी–फंगल गुण होते हैं जो स्कैल्प को डैंड्रफ से बचाते है जो हेयरफाल का कारण है।

# आज से बंद कर दें थोड़ी थोड़ी पिया करो का फॉर्मूला, शराब की एक-एक बूंद में है जहर



शराब पीने का कोई सुरक्षित स्तर नहीं, यह हर तरह से हानिकारक है। यह जानने के बावजूद लोग इसे छोड़ने के लिए तैयार ही नहीं है। कुछ लोग मानते हैं कि कभी–कभी ही ड्रिंक करने को कोई नुकसान नहीं होता है पर यह सोच बिल्कुल गलत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की मानें तो शराब की एक बूंद से भी शरीर में कैंसर हो सकता है।

**डब्ल्यूएचओ ने किया दावा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 'लांसेटश् पत्रिका में प्रकाशित एक बयान में यह जानकारी सामने आई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार शराब के सेवन की कोई सुरक्षित सीमा नहीं है और किसी भी मात्रा में इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक हो सकता है। साथ में यह भी दावा किया गया है कि जब कोई शख्स एल्कोहल लेता है, तो उसी वक्त कैंसर अपना मार्ग प्रशस्त कर लेता है फिर चाहे शराब थोड़ी मात्रा में ली गई हो या ज्यादा मात्रा में।

**सात प्रकार के कैंसर का कारण बनती है शराब**

कैंसर पर शोध करने वाली अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने एस्बेस्टस (रेशेदार खनिज), विकिरण और तंबाकू के साथ ही शराब को उच्च जोखिम वाले समूह–1 'कार्सिनोजेनश् (कैंसर कारक) के रूप में वर्गीकृत किया है, जो दुनियाभर में कैंसर रोग का कारण बन रहे हैं। एजेंसी ने पहले पाया कि शराब का सेवन कम से कम सात प्रकार के कैंसर का कारण बनता है, जिसमें आंत का कैंसर और स्तन कैंसर सबसे आम हैं। शराब जैविक तंत्र के माध्यम से कैंसर का कारण बनता है क्योंकि यौगिक शरीर में टूट जाते हैं, जिसका अर्थ है कि अल्कोहल युक्त कोई भी पेय, चाहे इसकी मात्रा और गुणवत्ता कैसी भी हो, कैंसर का खतरा पैदा करता है।

**कम मात्रा का सेवन भी हानिकारक**

डब्ल्यूएचओ के बयान के मुताबिक, यूरोपीय क्षेत्र में वर्ष 2017 के दौरान कैंसर रोग के 23,000 नये मामले सामने आये थे, जिनमें से 50 फीसदी का कारण शराब की हल्के से मध्यम (प्रतिदिन शुद्ध अल्कोहल की 20 ग्राम से कम मात्रा) मात्रा का सेवन रहा था। बयान में कहा गया, ''वर्तमान में उपलब्ध साक्ष्य उस सीमा का संकेत नहीं दे सकते, जिस पर शराब के कैंसर कारक वाले प्रभाव शुरू होते हैं और शरीर में नजर आने लगते हैं।

**करोड़ों लोगों को शराब से हुआ कैंसर**

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह साबित करने के लिए ऐसा कोई अध्ययन नहीं है जिससे पता चले कि शराब सेवन का असर हृदय रोगों और टाइप–टू मधुमेह की तुलना में कैंसर रोग के लिए ज्यादा जोखिम भरा होता है, लेकिन यह मानने के पर्याप्त सबूत हैं कि भारी मात्रा में शराब पीने से हृदय रोगों का खतरा निश्चित तौर पर बढ़ जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि यूरोपीय क्षेत्र में शराब की खपत सबसे अधिक है और 20 करोड़ से अधिक लोगों को शराब के कारण कैंसर होने का खतरा है।

# जरूरत से ज्यादा अंडा खाना पड़ेगा भारी, शरीर को होंगे ये नुकसान

अंडा स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। इसमें पाया जाने वाला प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए किया जाता है। लेकिन इनकी तासीर गर्म होती है जिसके कारण सर्दियों में भी हैल्थ एक्सपर्ट्स इसे खाने की सलाह देते हैं। अंडे में प्रोटीन के अलावा भी एसेंशियल अनसैचुरेटेड फैटी एसिड, आयरन, विटामिन–ए, विटामिन–बी6, विटामिन–बी12, फोलेट, एमिनो एसिड, फॉस्फोरस और सेलेनियम मौजूद होता है। अंडे में पाया जाने वाला विटामिन–ए, विटामिन–बी12 और सेलेनियम इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में सहायता करता है। परंतु जरुरत से ज्यादा अंडा आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। तो चलिए आपको बताते हैं ज्यादा अंडा खाने के नुकसान

**कोलेस्ट्रॉल लेवल**

एक अंडे में करीबन 186 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है वहीं एक्सपर्ट्स के अनुसार, शरीर को दिनभर के लिए 300 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल काफी होता है। ऐसे में यदि आप दो से ज्यादा अंडे का सेवन करते हैं तो आपका कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है जिसके कारण शरीर में हार्ट अटैक की समस्या बढ़ सकती है।

**ब्लड प्रेशर**


अंडे में प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ज्यादा अंडा खाने से शरीर में प्रोटीन बढ़ता है और आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

**डायबिटीज का खतरा**

अंडे में नैचुरल फैट मौजूद होता है जो आपकी ब्लड शुगर को प्रभावित करता है। ऐसे में यदि आप ज्यादा अंडा खाते हैं तो इससे आपका शुगर लेवल तेजी से बढ़ सकता है। खासकर यदि आपको कार्डियोवैस्कुलर समस्याया फिर टाइप टू की डायबिटीज है तो ज्यादा अंडा न खाएं। दिन में 2–3 से ज्यादा अंडे खाने से स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।

**ब्लोटिंग**

ज्यादा अंडे खाने से आपको पेट में ब्लोटिंग जैसी समस्या भी हो सकती है। अंडे खाने से शरीर में हीट हो जाती है जिसके कारण ज्यादा अंडा खाने से ऐंठन, मतली, अपच जैसी समस्याएं भी आपको घेर सकती हैं।



# क्रिस्पी और टेस्टी पापड़ पराठा बनाने का तरीका जानें



क्रिस्पी पापड़ पराठा खाने में सबको बहुत भायेगा और इसका टेस्ट भी अन्य पराठों से लाजवाब होता है। पापड़ पराठा कम टाइम में बन जाता है, इसको बनाना भी काफी आसान है । यह शाम के स्नेक्स के लिए बेस्ट ऑप्शन है। खासकर बच्चों को पापड़ पराठे का टेस्ट बहुत भाता है। सर्दियों में चटपटा खाना सबको पसंद होता है, खासकर तरह–तरह के स्टफ्ड पराठें सर्दियों का मजा दुगुना कर देते हैं। आज हम आपको कुछ अलग तरह का पराठा बनाने की रेसिपी बता रहे हैं। आपने रोस्टेड पापड़ खाये होंगे, पापड़ तल कर खाएं होंगे लेकिन क्या आपने कभी पापड़ के पराठे खाएं हैं, जी हाँ आज हम आपको पापड़ के पराठे बनाने की रेसिपी बता रहे हैं–

**आटे की सामग्री**

डेढ़ कप आटा, 1/4 कप सूजी, 1/2 टी स्पून अजवाइन, 2 टी स्पून घी, नमक

**भरावन सामग्री**

1 उबला आलू, 2 हरी मिर्च, 2 पापड़, 1/2 स्पून कद्दूकस किया हुआ अदरक, हरा धनिया, 1 टी स्पून लाल मिर्च, 1/4 गरम मसाला, 1/4 टी स्पून अमचूर पाउडर, 1 चुटकी हल्दी, घी सेंकने के लिए, नमक स्वादानुसार


**विधि**

आटे की सारी सामग्री को मिलाएं, और थोड़ा– थोड़ा पानी डाल कर सॉफ्ट आटा गूंथ लें। इसे आधे घंटे के लिए ढक कर रख दें।

अब पापड़ को सेंक कर इसका चूरा बनायें।

आलू मैश करके इसमें हरी मिर्च और हरा धनिया काट कर डालें। मैश आलू में पापड़ का चूरा मिलाएं। अब मैश आलू में सारे मसाले मिक्स करें। आटे के पेड़े बनाएं, इनमें भरावन रखकर बंद करें और पराठे बेल लें। गरम तवे पर घी लगाकर सेंके। सब्जी या मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें।

# बजट में रहकर घूमना है बाली, तो इन टिप्स की लें मदद







बाली उन जगहों में से एक है जहां आपके आने से पहले सब कुछ ऑनलाइन बुक करना बहुत सस्ता हो सकता है। यह देखने में आता है कि कुछ लोग घूमने जाने से एक–दो दिन पहले बुकिंग करते हैं। जबकि आप कोशिश करें कि आप एक दो महीने पहले ही बुकिंग कर लें। घूमना अधिकतर लोगों को पसंद होता है, लेकिन वह सिर्फ इसलिए अपना ट्रिप कैंसिल कर देते हैं, क्योंकि इसमें बहुत अधिक खर्चा आता है। खासतौर से, अगर बात विदेश घूमने की हो, तो उसकी तो टिकट ही लाखों की होती है। हो सकता है कि आप भी कुछ ऐसा ही सोचते हों। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप बजट में विदेश यात्रा करना चाहते हैं तो बाली जाना अच्छा विचार हो सकता है। बाली लोगों के लिए हॉट ट्रेवल डेस्टिनेशन बन चुका है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बजट में रहकर बाली घूमने के कुछ आइडियाज के बारे में बता रहे हैं–

**ऑनलाइन करें बुकिंग**

बाली उन जगहों में से एक है जहां आपके आने से पहले सब कुछ ऑनलाइन बुक करना बहुत सस्ता हो सकता है। यह देखने में आता है कि कुछ लोग घूमने जाने से एक–दो दिन पहले बुकिंग करते हैं। जबकि आप कोशिश करें कि आप एक दो महीने पहले ही बुकिंग कर लें। ऐसे में आपके लिए उस टाइम के लिए टिकट बुक कर सकती है, जब दाम काफी कम हों। साथ ही, ऑनलाइन डील के जरिए आप काफी हद तक अपना पैसा भी बचा सकते हैं। आप चाहें तो सिर्फटिकट ही नहीं, होटल बुकिंग करके अपने स्टे पर भी एक अच्छी डील प्राप्त कर सकते हैं।

**लोकल मार्केट से खाएं फूड**

आप जिस होटल में रूके हैं, वहां पर फूड ऑर्डर करते हैं या फिर किसी खास रेस्त्रां में जाकर भोजन करते हैं तो यह आपके लिए थोड़ा महंगा साबित हो सकता है। बेहतर होगा कि आप लोकल मार्केट को एक्सप्लोर करें। यह काफी सस्ती होती हैं और यहां पर आपको बाली के लोकल फूड को चखने का भी मौका मिलता है। बाली में जल्दी सुबह और देर रात लगने वाली लोकल मार्केट में आपको खाने–पीने के अलावा बजट में शॉपिंग करने का भी मौका मिलेगा।

**स्कूटर किराए पर लें**

अगर आप बाली को कम बजट में एक्सप्लोर करना चाहते हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप एक स्कूटर किराए पर ले लें। यूं तो आपको बाली में कैब या गाड़ी बुक करने में कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट बाली में आपको बहुत अधिक महंगा पड़ सकता है। अगर आपको ड्राइविंग आती है तो किराए पर स्कूटर लेकर आप बेहद आसानी से बाली की गलियों में घूम सकते हैं और अपने पैसे बचा सकते हैं।

# यूरिक एसिड से छुटकारा दिलाने में सहायक है हल्दी, रिसर्च में हुआ साबित








बॉडी में यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ो में दर्द, जॉइंट्स में सूजन, हाथ–पैरों में जकड़न, त्वचा पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं, इस परेशानी को दूर करने में हल्दी आपकी सहायता कर सकती है। हल्दी में पाया जाने वाला करक्यूमिन यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के साथ ही जॉइंट्स की सूजन करने में हेल्प करता है। यूरिक एसिड बढ़ने से जॉइंट्स पेन, किडनी प्रॉब्लम और बहुत सी स्वास्थ्य संबंधी परेशानिया होने लगती हैं। यूरिक एसिड की अधिकांश मात्रा यूरिन के द्वारा शरीर से बाहर निकल जाती है। लेकिन बॉडी में यूरिक एसिड की जरूरत से ज्यादा मात्रा को किडनी नहीं निकाल पाती जिससे हेल्थ प्रॉब्लम्स की शुरुआत होती है। इसे हाइपरयूरिसिमिया कहते हैं। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन कम्पाउंड बढ़े हुए यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में सहायक है। यूरिक एसिड की परेशानी में आप हल्दी वाला दूध पी सकते हैं, हल्दी में मौजूद एंटीबायोटिक और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण आपको इन समस्याओं से राहत दिलाते हैं। इससे डाइजेस्टिव सिस्टम बेहतर होता है जिससे बॉडी में मौजूद हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं और यह रक्तचाप को भी कंट्रोल करने में हेल्पफुल है।

**यूरिक एसिड की अधिक मात्रा से गठिया**

यूरिक एसिड की अधिक मात्रा से आप गठिया के दर्द से परेशान हो सकते हैं साथ ही हड्डियों से जुडी अन्य बीमारियां जैसे ऑस्टियोपोरोसिस भी आपको जकड़ लेती हैं, एक सामान्य व्यक्ति में 3.5 से 3.7 तक यूरिक एसिड की मात्रा होनी चाहिए। समय रहते यूरिक एसिड की समस्या पर नियंत्रण नहीं होने से गठिया भयानक रूप ले सकता है। यदि किडनी बढ़े हुए यूरिक एसिड की मात्रा को पूरी तरह नहीं बाहर करती है तो इससे पथरी की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**यूरिक एसिड की समस्या में हल्दी कैसे है गुणकारी**

एक रिसर्च के द्वारा गठिया की बीमारी में हल्दी के प्रभाव का पता लगाया गया, जिसमें हल्दी में मौजूद करक्यूमिन को हड्डियों की सूजन कम करने में प्रभावी पाया गया, यह सूजन बढ़ने के जिम्मेदार कारको को नष्ट करने में सहायक है। करक्यूमिन आइकेबीए नाम के प्रोटीन को नष्ट करता है जो सेल्स में उपस्थित माइटोकांड्रिया को क्षतिग्रस्त करता है। जिससे हड्डियों में सूजन की समस्या होती है।

**कैसे करें हल्दी का सेवन**

दूध में एक चम्मच हल्दी पाउडर डालकर सेवन करें शीघ्र परिणाम के लिए इसमें एक चुटकी काली मिर्च पाउडर मिक्स करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634